आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 291 ● कटनी ● शनिवार, 26 नवम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● अगहन मास शुक्ल पक्ष-3 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## BSF ने अमृतसर सेक्टर में मार गिराया ड्रोन, पंजाब बॉर्डर पर 3 बार घुसपैठ का प्रयास विफल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब बॉर्डर पर पाकिस्तान की तरफ से तीन बार घुसपैठ का प्रयास किया गया। मौसम में बदलाव के बाद पाकिस्तान में बैठे तस्कर लगातार भारत में गलत मंसूबों को अंजाम देने की कोशिशों में जुटे हैं। लेकिन इसी बीच बीएसएफ के जवानों ने पाकिस्तान के एक ड्रोन को गिराने और दो तस्करों को वापस भागने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार अमृतसर सेक्टर के अंतर्गत आती चौकी दाओके में रात 10 बजे ड्रोन मूवमेंट सुनने को मिली। गश्त कर रहे **BSF** के जवानों ने ड्रोन की आवाज सुनने के बाद फायरिंग शुरू कर दी। कुछ मिनटों में ही ड्रोन की आवाज बंद हो गई। जिसके बाद इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। जिसमें खेतों में गिरा ड्रोन BSF के जवानों ने रिकवर कर लिया है। 8 प्रोपेलर (पंख) वाला ऑक्टा-कॉप्टर डीजेआई मैट्रिस है, जिसे पाकिस्तान तस्कर बड़ी खेप को सरहद पार पहुंचाने में करते हैं।

### घुसपैठियों को BSF जवानों ने भगाया

वहीं दूसरी कोशिश सेक्टर पठानकोट के अंतर्गत आती चौकी फरईपुर में गश्त कर रहे जवानों ने विफल की। हाईटेक हो चुकी BSF ने पाकिस्तानी रेंजर्स की चौकी फरईपुर में थर्मल कैमरे की मदद से दो घुसपैठियों को हरकत करते हुए देखा। बॉर्डर पर बटालियन 121 के जवान गश्त पर थे। जवानों ने सतर्कता के लिए फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद जवानों को वापस लौटना पड़ा।

## इटारसी में कार दुर्घटनाग्रस्त-धोखेड़ा के पास टर्निंग पर पलटी कार, बच्ची समेत 8 लोग घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नर्मदापुरम के इटारसी-पांजरा रोड पर धोखेड़ा के पास तेज रफ्तार कार पलट गई। हादसे में कार में बैठी 5 साल की बच्ची समेत 8 लोग घायल हो गए। घटना शुक्रवार रात करीब 9 बजे की है। सूचना मिलते ही इटारसी थाने से डॉयल 100 स्टाफ मौके पर पहुंचा। घायलों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाल कर एम्बुलेंस और डायल वाहन में रखकर इटारसी भेजा। 2 घायल की हालत गंभीर होने से उन्हें नर्मदापुरम भेजा गया। घायल चादौन गांव के बताए जा रहे है, जो किसी शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। पांजरा-इटारसी के बीच में धोखेड़ा के पास टर्निंग पॉइंट पर कार पलट कर गड्ढे में जा गिरी।

# याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के जज को आतंकवादी बताया
# SC ने कहा- आपको कुछ दिनों के लिए जेल भेजना पड़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट के जज को एक याचिकाकर्ता ने आतंकवादी कह दिया। इस पर सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस हिमा कोहली ने शुक्रवार को नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आपको कुछ दिनों के लिए जेल भेजना पड़ेगा, तब आपको अहसास होगा। कोर्ट ने रजिस्ट्री को याचिकाकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक याचिकाकर्ता एक लंबित मामले में जल्दी सुनवाई चाहता था। इसके लिए उसने कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी, जिसमें याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के जज को आतंकवादी कहा था। डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की बेंच ने इसकी आलोचना करते हुए कहा कि आप कोर्ट के जज पर इस तरह के आरोप नहीं लगा सकते।



### हम समय से पहले अर्जी पर सुनवाई नहीं कर सकते : सुको

इस पर बेंच ने कहा कि आपकी माफी काफी नहीं है, आपका रवैया कोर्ट का अपमान करने वाला है। हम आपको कारण बताओ नोटिस भेजेंगे कि आपके खिलाफ आपराधिक अवमानना का मुकदमा क्यों न चलाया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि हम आपकी अर्जी पर समय से पहले सुनवाई नहीं कर सकते, याचिका को खारिज समझा जाए। साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ता के आचरण के संबंध में एक हलफनामा दाखिल करने के लिए 3 हफ्ते का समय दिया है।

### याचिकाकर्ता ने कोर्ट से माफी मांगी

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई शुरू की। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने कहा मैं कोर्ट में आपकी पैरवी तभी शुरू करूंगा, जब आप अपनी गलती के लिए माफी मांगे। इस पर याचिकाकर्ता ने कोर्ट से जज को आतंकी कहने पर माफी मांगी। उसने कहा कि मैंने कोरोना महामारी के समय याचिका दाखिल की थी, तब मैं बहुत परेशान था।

### कोर्ट में जज और याचिकाकर्ता के बीच हुए सवाल-जवाब...

सीजेआई- आपने जल्दी सुनवाई के लिए अर्जी कब दाखिल की? याचिकाकर्ता- पहली बार मार्च 2021 में और दूसरी बार जुलाई 2021 में। जस्टिस हिमा कोहली- पहली याचिका में भी आपने इसी तरह की बातें लिखी थीं? याचिकाकर्ता- हां । जस्टिस हिमा कोहली - बहुत खूब।

### कोर्ट ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

बेंच ने याचिकाकर्ता की जल्द सुनवाई की अर्जी को खारिज कर दिया। साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता का आवेदन भी खारिज किया जाएगा।

## छपरा- चेन्नई गंगा कावेरी सुपर फास्ट एक्सप्रेस में थर्ड एसी इकॉनमी क्लास लगाए जाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छपरा से चेन्नई के बीच चलने वाली गंगा कावेरी सुपर फास्ट एक्सप्रेस में अब आप थर्ड एसी के इकॉनमी क्लास में भी यात्रा कर सकेंगे। यह ट्रेन सतना, कटनी, जबलपुर और इटारसी के रास्ते सफर तय करती है लिहाजा इस सुविधा का लाभ इन स्टेशनों से यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को भी मिलेगा। पश्चिम मध्य रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए डॉ. एमजीआर ने चेन्नई सेन्ट्रल-छपरा- चेन्नई सेन्ट्रल गंगाकावेरी सुपरफास्ट ट्रेन में वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी का कोच स्थाई रूप से लगाने का निर्णय लिया है। इस वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी कोच में अपेक्षाकृत कम किराया एवं यात्री सीटों की संख्या अधिक होती है। इस कोच के लगने से पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी एवं सतना के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा ।

### 20 की जगह अब 22 कोच हुए

यह स्थाई कोच गाड़ी संख्या 12669 डॉ. एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल-छपरा गंगाकावेरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में डॉ. एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल स्टेशन से 26 नवंबर से लगेगा। इसी तरह गाड़ी संख्या 12670 छपरा-डॉ. एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल गंगाकावेरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में छपरा स्टेशन से 28 नवंबर से 02 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी का कोच स्थाई रूप से लगेंगे। नए कोच कम्पोजीशन के बाद इस गाड़ी में विभिन्न श्रेणी के 20 की बजाय अब कुल 22 कोच होंगे ।

### कोच कंपोजीशन

वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी के 02 कोच बढ़ जाने से यह गाड़ी अब 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी , 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 02 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी, 06 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी, 01 रसोई यान एवं 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी सहित 22 कोचों के साथ चलेगी।

मप्र में राहुल की यात्रा का चौथा दिन



# टी-ब्रेक के दौरान मची भगदड़
# धक्का-मुक्की में दिग्विजय सिंह गिरे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का मप्र में आज यानि शनिवार को चौथा दिन है। सुबह 6 बजे यात्रा की शुरुआत खंडवा जिले के मोरटक्का से हुई। जो आगे चलकर करीब 7 बजे बड़वाह पहुंची। यहां से आगे बढ़ने पर रास्ते में उन्होंने कचरा बीनने वाली एक महिला से रुककर उससे बात की। बड़वाह से करीब 4 किलोमीटर आगे बढ़ने पर राहुल गांधी चोर बावड़ी के पास बने एक होटल पर अचानक चाय ब्रेक के लिए रुक गए। इसी दौरान वहां भगदड़ मच गई, जिसमें दिग्विजय सिंह गिर गए। उनके ऊपर कुछ कार्यकर्ता भी गिर गए। तभी अन्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें उठाया। इसके बाद दिग्विजय सिंह ने नाराजगी जताई। आगे यात्रा खरगोन जिले के मनिहार, बलवाड़ा होते हुए महू पहुंचेगी। राहुल यहां आंबेडकर स्मारक पर बाबा साहेब आंबेडकर को नमन करेंगे। इसके बाद आमसभा को संबोधित करेंगे। मंच पर उनके साथ कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, पूर्व सीएम कमलनाथ, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह समेत देश व प्रदेश के करीब 40 नेता मौजूद रहेंगे।

### भारत जोड़ो यात्रा अपडेट्स

राहुल गांधी ने बड़वाह से करीब 4 किलोमीटर आगे वृंदावन रेस्टोरेंट में टी-ब्रेक लिया। ब्रेक के बाद प्रियंका गांधी और रॉबर्ट वाड्रा कार से मनिहार के लिए रवाना हुए, जबकि राहुल पैदल ही चलने लगे। यात्रा दोबारा शुरू हुई तो कमलनाथ भी कुछ देर पैदल चले। बड़वाह से आगे बढ़ने पर राहुल ने रास्ते में रुककर कचरा बीनने वाली एक महिला से भी बात की। उन्होंने उसकी समस्याएं सुनी और आश्वासन दिया कि तुम्हारी समस्याएं दूर होंगी।

## जेल में बंद सत्येंद्र जैन का एक और सीसीटीवी फुटेज वायरल



**नई दिल्ली,एजेंसी।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन से जुड़ा एक और सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि तिहाड़ जेल की सेल में बंद सत्येंद्र जैन से मिलने तत्कालीन जेल अधीक्षक अजीत कुमार आए थे, जिन्हें कई गंभीर आरोपों के चलते निलंबित किया जा चुका है। यह सीसीटीवी फुटेज 12 सितंबर का बताया जा रहा है। वीडियो में तिहाड़ जेल के तत्कालीन अधीक्षक अजीत कुमार को सेल में बंद सत्येंद्र जैन के साथ बातचीत करते देखा जा सकता है। वीडियो के अनुसार, सत्येंद्र जैन से मिलने के लिए पहुंचे अजीत कुमार सेल में मौजूद कुर्सी पर बैठे हैं और सत्येंद्र जैन से वार्तालाप कर रहे हैं। बता दें कि सत्येंद्र जैन को सुविधाएं मुहैया कराने के आरोप में अजीत कुमार को इस महीने की शुरुआत में निलंबित किया गया है।

गिरोह का हुआ खात्मा, 12 बोर की बंदूक और 10 जिंदा कारतूस जब्त

# डकैत गुड्डा गुर्जर गैंग का आखिरी सदस्य करूआ गिरफ्तार

**मुरैना एजेंसी।** डकैत गुड्डा गुर्जर गैंग का आखिरी सदस्य गिरफ्तार, गुड्डा गुर्जर गिरोह का अंतिम सदस्य करूआ उर्फ कला गुर्जर को पुलिस ने शुक्रवार रात गिरफ्तार किया है। डकैत गुड्डा गुर्जर गैंग के आखिरी सदस्य की गिरफ्तारी के बाद अब यह गिरोह का खात्मा हो चुका है। डकैत गुड्डा गुर्जर गैंग का आखिरी सदस्य गिरफ्तार, कला गुर्जर ने कैसे रखा था अपराध की दुनिया में कदम? मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में कुख्यात डकैत गुड्डा गुर्जर गिरोह का अंतिम सदस्य करूआ उर्फ कला गुर्जर को पुलिस ने शुक्रवार रात गिरफ्तार किया है। डकैत गुड्डा गुर्जर गैंग के आखिरी सदस्य की गिरफ्तारी के बाद अब यह गिरोह का खात्मा हो चुका है। पुलिस के अनुसार रिठौरा पुलिस को सूचना मिली थी कि, कल्ला गुर्जर किसी जगह छुपा हुआ है जहां पर पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी कर डकैत को गिरफ्तार किया है। डकैत करुआ के पास एक 12 बोर की बंदूक और 10 जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं।

### 4 जिले और 20 थाने थे अलर्ट पर

गुड्डा गुर्जर को पकड़ने के लिए अलर्ट पर रखा गया था। गिरोह के मूवमेंट की जानकारी पुलिस को लगातार मिल रही थी। पुलिस द्वारा पहाड़गंज के जंगलों से लगी सीमाओं को सील किया गया था, जिसके बाद गुड्डा गुर्जर को पकड़ने में सफलता मिली है। ग्वालियर चंबल अंचल में खौफ फैलाने वाले डकैत गुड्डा गुर्जर को पकड़ने के लिए शिवराज सिंह चौहान ने नवंबर माहीने की शुरुआत में ही निर्देश दिए



थे। गुड्डा गुर्जर पर 60 हजार का इनाम घोषित था। मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस प्रशासन व अधिकारी को जल्द उसे पकड़ने का निर्देश देने के बाद नवंबर माह के पहले सप्ताह में ही नूराबाद पुलिस ने लोहागढ़ के जंगल से घेराबंदी कर 10 हजार के दो इनामी डकैतों को गिरफ्तार किया था। डकैत गुर्जर को कारतूस और राशन-पानी बेचने वाले भतीजे को उसी समय गिरफ्तार कर लिया था लेकिन गुड्डा गुर्जर उस वक्त हाथ नहीं आया था। इस छापामारी के दो दिन बाद ही गुड्डा गुर्जर को भंवर पूरा जंगल में मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। वहीं शुक्रवार देर रात को गुड्डा गुर्जर के अंतिम सदस्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

ऐसे रखा अपराध की दुनिया में कदम

### गहलोत-पायलट विवाद में MP के गृहमंत्री की एंट्री

## नरोत्तम बोले- सचिन राजस्थान का बड़ा चेहरा, सोनिया-राहुल तय करें- गद्दार कौन?

**एजेंसी।** राजस्थान के छत्रप अशोक गहलोत और सीनियर लीडर सचिन पायलट विवाद में मध्यप्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की एंट्री हो गई है। गृहमंत्री डॉ. मिश्रा सचिन पायलट के बारे में बोले कि वे राजस्थान का बड़ा चेहरा हैं। अब सोनिया गांधी और राहुल गांधी ही तय करें कि राजस्थान में गद्दार कौन है? गृहमंत्री ने बातों ही बातों में सीएम गहलोत पर भी हमला बोला है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के दौरान राजस्थान में मचे घमासान को लेकर उन्होंने गहलोत को घेरा और पायलट का समर्थन किया। ऐसे में एक बार फिर से कयास लगाए जा रहे हैं कि बीजेपी विवाद के बहाने पायलट को अपने तरफ खींच सकते हैं और मध्यप्रदेश के सीनियर बीजेपी नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान आने से पहले कांग्रेस में एक बार फिर भारी खींचतान शुरू हो गई है।




# संविधान दिवस समारोह में शामिल हुए पीएम मोदी
# ई-कोर्ट परियोजना को किया लांच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को स्वीकार किए जाने के चलते इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने सबसे पहले ई-कोर्ट परियोजना की शुरुआत की। इस परियोजना के तहत वर्चुअल जस्टिस क्लॉक, डिजिटल कोर्ट और जस्टिस मोबाइल एप 2.0 शुरू की जाएगी।



### देश को संविधान देने वाले महानुभावों को श्रद्धांजलि : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे पहले एक ट्वीट के जरिए संविधान देने वाले देश के महान नेताओं को श्रद्धांजलि दी और राष्ट्र के लिए अपने दृष्टिकोण को पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में 2015 से 26 नवंबर के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इससे पहले, इस दिन को कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था।

### अटॉर्नी जनरल बोले- सामाजिक विभाजन को मिटाने की जरूरत

अटार्नी आर वेंकटरमनी ने कार्यकर्म को संबोधित करते हुए कहा कि जाति और अन्य सामाजिक विभाजन की कुछ हानिकारक समस्याओं को मिटाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समानता का दावा जटिल है और नए विभाजन पैदा किए बिना कानून, समाज और अदालतों के बीच समन्वय के लिए आवास बनाया जाना चाहिए।

## स्वतंत्रता ने हम पर बड़ी जिम्मेदारियां डाली: रिजिजू

केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि डा बीआर अंबेडकर ने कहा था कि इस स्वतंत्रता ने हम पर बड़ी जिम्मेदारियां डाली हैं, जिसे हमे आज भी याद रखना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई मौकों पर अदालतों में स्थानीय भाषाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है ताकि न्यायिक प्रणाली में हमारे देश के आम लोगों का विश्वास बढ़ाया जा सके और उन्हें भी जुड़ा हुआ महसूस कराया जा सके।

### इसलिए मनाया जाता है संविधान दिवस

देश के संविधान के निर्माता डा बीआर अंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के लिए सामाजिक न्याय मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को 26 नवंबर को देश संविधान दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया था। इसका उद्देश्य देश के लोगों को संविधान के बारे में जागरुक करना भी है। संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देश के हर नागरिक को हो इसके लिए संविधान दिवस मनाने का फैसला हुआ था।

## दिन और रात के तापमान में उतार-चढ़ाव शुरू

# समुद्रीय प्रभाव से बढ़ेगी ठंड



**कटनी,यशभारत।** इस वर्ष कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं। मौसम विभाग ने दिसंबर से फरवरी के लिए अपने सर्दियों के पूर्वानुमान के बारे में कहा है कि शहर में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। शहर में इस बार अधिक कड़ाके की सर्दी पड़ सकती है और ज्यादा शीत लहर चल सकती है। रात का तापमान सामान्य से कम रह सकता है। वहीं दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। दिन और रात के तापमान में काफी उतार-चढ़ाव रहेगा। पिछले माह मौसम विभाग ने कहा था कि ला नीना प्रभाव के कारण इस बार ज्यादा ठंड पड़ेगी। विभाग ने कहा था कि इस समय केंद्रीय और पूर्वी प्रशांत महासागर क्षेत्र में सतह का तापमान सामान्य से नीचे है। प्रशांत महासागर के भूमध्यरेखीय क्षेत्र में मध्यम ला नीना की स्थिति निर्मित हो रही है। इस बात की संभावना है कि यह स्थिति सर्दियों के अंत तक बनी रह सकती है।

### जानिए क्या होता है ला नीना प्रभाव

ला नीना प्रशांत महासागर में पानी ठंडा होने से जुड़ी एक प्राकृतिक घटना है। पूर्वी प्रशांत महासागर क्षेत्र के सतह पर निम्न हवा का दबाव होने पर यह स्थिति पैदा होती है। इससे समुद्री सतह का तापमान काफी नीचे चला जाता है, इसका सीधा असर दुनियाभर के तापमान पर होता है और मौसम में फेरबदल होता है। यही कारण है कि लगातार दो दिन की राहत के बाद रविवार को शहर में सर्दी फिर बढ़ गई। इस वजह से न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। इस वजह से सुबह में ठंड का अहसास अधिक हुआ लेकिन दिन में धूप खिलने के कारण ठंड से थोड़ी राहत मिली।

### फिर नीचे आने लगा तापमान, बढ़ेगी ठंड

बीते दिन शहर के आसमान पर छाए बादल धीरे-धीरे साफ होने लगे हैं। इसी वजह से 15 डिग्री के आसपास पहुंच चुका न्यूनतम पारा धीरे-धीरे नीचे आने लगा है। रविवार की सुबह का न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि धूप भी तेज हो गई है। इस वजह से दिन में ठंडक महसूस नहीं हो रही थी। 2 दिन पहले सुबह का तापमान 15 डिग्री तक पहुंच गया था जो शनिवार की सुबह कम होकर 12 डिग्री पर आया और रविवार को और गिरावट दर्ज हुई। मौसम विभाग के मुताबिक मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में ठंड का हल्का असर बादलों के रूप में देखने मिला। हालांकि हवाओं की दिशा बदलने से 24 से 48 घंटे के भीतर ही बादल साफ भी हो गए और ठंड ज्यादा महसूस होने लगी। विभाग के मुताबिक अगले चौबीस घंटे के दौरान कटनी सहित जबलपुर संभाग के अधिकांश हिस्से में मौसम साफ रहेगा। सुबह का न्यूनतम तापमान और नीचे आ सकता है।



# टूटफूट का शिकार होने लगा फोरलेन

## आबादी क्षेत्र से जुड़ने वाले तिराहे और जर्जर हिस्से पर हो रहे हादसे, एनएचएआई बेखबर

**कटनी,यशभारत।। कटनी जिले का दुर्भाग्य ही है कि यहां विकास के कार्य ज्यादा दिन टिक नहीं पाते। कैमोर रोड पर बना राष्ट्रीय राजमार्ग में रेल ओव्हर ब्रिज हो या फिर खिरहनी फाटक पर बना ओव्हर ब्रिज कुछ दिन बाद ही इसमें टूट फूट दिखने लगी अब कटनी जबलपुर राष्ट्रीय राज मार्ग भी कई स्थानों पर टूट फूट का शिकार हो रहा है।**

राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) नंबर 30 सिवनी-जबलपुर-कटनी-रीवा को चार परियोजनाओं के अंतर्गत एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर दो लेन से कांक्रीट फोरलेन बनाने का काम हो चुका है। वर्तमान में इस नई सड़क का कटा-फटा हिस्सा और इस पर फर्राटे भरते वाहनों की रफ्तार ही नागरिकों की जान का खतरा बन गई है। नतीजा एनएच-30 पर स्लीमनाबाद व धनगवां सहित अन्य आबादी क्षेत्र से जुड़ने वाले तिराहे और जर्जर हिस्से पर हादसे हो रहे हैं। नागरिकों ने बताया कि एनएच-30 पर स्लीमनाबाद से जबलपुर के बीच एक माह में फर्राटे भरते वाहनों ने एक के बाद एक डेढ़ दर्जन हादसों को अंजाम दिया। जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई। पनागर, गोसलपुर, सिहोरा, स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अलग-अलग हादसों में घायल 23 लोगों का अब तक इलाज चल रहा है। हादसों का एक मुख्य कारण फोरलेन सड़क से जुड़ने वाली आबादी क्षेत्र की सड़कों के यातायात की योजना बनाकर काम नहीं करना है। इस फोरलेन के सिहोरा बायपास को सीधे खितौला तिराहे से जोड़ा गया है। इससे तीन ओर जबलपुर, कटनी और सिहोरा आने जाने वाले वाहन यहां पहुंचते हैं। किसी वाहन चालक की एक गलती हादसे का कारण होती है। इस सड़क पर जबलपुर की ओर से आते वाहन चालक को कटनी की ओर से आते वाहन नहीं दिखते, जिससे हादसे होने की आशंका रहती है। अकेले स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में ही बीते एक माह में आधा दर्जन सड़क हादसों में दो लोगों की जान जा चुकि है जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। गोसलपुर से सिहोरा होकर स्लीमनाबाद के बीच इस नई सड़क पर जगह-जगह दरारें उभर आई हैं। बाइक, कार, जीप से सफर करने पर गोसलपुर में अंडर व्हीकल पास सड़क का कुछ हिस्सा धंस गया है। स्लीमनाबाद के पहले छोटे पुल का 20 फीट का हिस्सा जर्जर है।

### रात को नहीं दिखते वाहन

इस सड़क पर तेज रफ्तार से दौड़ते वाहन चालकों को आबादी क्षेत्र की सड़कों के तिराहे में रात को अंधकार होने से दोपहिया वाहन दिखाई नहीं देते। निर्धारित से ज्यादा रफ्तार होने के कारण बड़े वाहनों के चालक छोटे वाहनों को टक्कर मारकर हताहत कर देते हैं। इस तरह की दुर्घटनाएं पिछले एक अरसे में लगातार बढ़ी हैं।

## 5 दिन आंदोलन के बाद भी सहारा के निवेशकों को नहीं मिली जमापूंजी

**कटनी,यशभारत।** कटनी में कचहरी चौक पर सहारा इंडिया के निवेशकों को 5 दिन के आंदोलन के बाद भी कोई उम्मीद दिखाई नहीं दी है। सहारा इंडिया के अभिकर्ताओं ने रुपयों का भुगतान नहीं किए जाने से पांच दिवसीय जनआंदोलन कर विरोध जताने के बाद शुक्रवार को प्रधानमंत्री, देश के वित्त मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा था ज्ञापन में रुपयों का भुगतान किए जाने की मांग की गई। लेकिन कोई राहत नहीं मिली है। सहारा इंडिया के अभिकर्ताओं द्वारा जमाकर्ताओं के रुपयों का भुगतान नहीं किए जाने से जनआंदोलन कर रहे थे। उनकी मांग है कि जमाकर्ताओं के रुपयों का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए। अभिकर्ताओं का कहना है कि पिछले 5 से 6 वर्षों से सहारा इंडिया द्वारा भुगतान नहीं किया गया है। अभिकर्ता और जमाकर्ता के बीच विवाद होता है। आए दिन जमाकर्ता द्वारा अभिकर्ता से अभद्रता की जाती है। अभिकर्ता मानसिक और आर्थिक रुप से काफी परेशान हैं। जिले के सभी जमाकर्ताओं का लगभग डेढ़ सौ करोड़ रुपए का भुगतान बाकी है।

# भगवान के दर्शन का सौभाग्य दिलाया प्रधानमंत्री मोदी ने



## दक्षिण से उत्तर भारत जाने वाली ट्रेन के कटनी मुख्य स्टेशन में स्वागत से भावुक हुए दक्षिण के श्रद्धालु

**कटनी,यशभारत।** काशी तमिल संगमम यात्रा भारत वर्ष के प्रदेशों में विविध सभ्यता संस्कृति को आत्मसात करने वाले हजारों देशवासियों के दिलों को भी जोड़ रही हैं सालों की यह कल्पना आज देश की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कारण साकार हो रही। है। आज कटनी मुख्य स्टेशन पर रामेश्वरम से बनारस तमिल काशी समागम ट्रेन के यात्रियों का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन के नेतृत्व में स्वागत से अभिभूत दक्षिण के श्रद्धालु काफी भावुक हो गए। दक्षिण से काशी की यात्रा कर रहे इन लोगों ने कहा कि स्वप्न ही था काशी विश्वनाथ के दर्शन 40 साल से राह देख रहे थे कब भगवान दर्शन देंगे । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पुत्र का फर्ज निभाते हुए आज यह सौभाग्य दिलाया। एक भारत श्रेष्ठ भारत की झलक आज कटनी रेलवे स्टेशन पर पुनः देखने मिली जहां रामेश्वरम से काशी विशेष यात्री गाड़ी के यात्रियों का जोरदार स्वागत किया गया। जिला भाजपा की ओर से यात्रियों को स्वल्पाहार चाय की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर रेलवे के अधिकारियों के साथ भाजपा नेता भी उपस्थित थे। मुख्य रेलवे स्टेशन पर जैसे ही यह दक्षिण से उत्तर को जोड़ने वाली रेल पहुंची इसका ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। दक्षिण से उत्तर की यात्रा करने वाले 3 बोगियों के यात्रियों ने भी कटनी रेलवे स्टेशन पर हुए अभूतपूर्व स्वागत से उत्साहित होकर जम कर नृत्य किया। शंख बजा कर उद्घोष किया। यात्रियों ने कहा कि एक भारत की कल्पना को मोदी जी की सरकार ने साकार किया है। आज तमिलनाडु से उत्तर भारत की यात्रा को जोड़कर सिर्फ दो प्रदेशों ही नहीं अनेक प्रदेशों के लोगों को सरकार ने एक दूसरे से जोड़ा है हम एक दूसरे की संस्कृति सभ्यता को पहचान सकेंगे। सभी यात्रियों ने भारत माता की जय के उद्घोष किये। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सोनी, रम्मू साहू, शिवम शर्मा, अम्बरीष वर्मा, ललित जायसवाल, आशुतोष शुक्ला, यज्ञदत्त मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष मनीष दुबे, सन्दीप दुबे, वागीश आनंद, मनोज तिवारी, आशीष मिश्रा, सौरभ अग्रवाल, शांतनु दत्ता, संकल्प अग्रवाल, पारस जैन, अनिल साहू,अरविंद श्रीवास्तव, मंटू गुप्ता, इमरान फरीदी, सुमित जायसवाल, रेशु टुडहा, प्रशांत मालवीय आदि उपस्थित थे। साथ ही रेलवे के अधिकारी गणों स्टेशन प्रबंधक कॉमर्शियल नावेद सिद्दीकी, टीआई आरपीएफ अनिल दीक्षित,एवम उनका स्टॉफ ,उप स्टेशन प्रबंधक नरेंद्र सिंह राठौर, कल्पना, नितिन, देवेंद्र मनीष तथा रेलवे स्टॉफ की उपस्थिति थी।


## गर्ल्स कालेज में कार्यक्रम

# वेस्ट मैनेजमेंट : कम लागत में सजावटी सामान के निर्माण को समझाया



**कटनी, यशभारत।** शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी के गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व बैंक परियोजना के तत्वाधान में तीन दिवसीय वेस्ट से बेस्ट आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय वर्कशॉप दिनांक 23 से 25 नवंबर 2022 का शुभारंभ दिनांक 23 नवंबर 2022 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के.गुप्ता के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर साधना जैन द्वारा मां वीणा पानी को माल्यार्पण कर किया गया, साथ ही इनके द्वारा वर्कशॉप में उपस्थित छात्राओं को घरों में उपलब्ध वेस्ट वस्तुओं का उपयोग कर नवीन सजावटी सामान बनाना सीखने एवं इस विधा को कैरियर के रूप में अपनाने संबंधी प्रेरणा प्रदान करने वाले वचनों के साथ कार्यक्रम के सफल होने एवं छात्राओं को शुभकामनाएं देकर कीं। इसके पश्चात डॉ प्रज्ञा अग्रवाल द्वारा भी छात्राओं को वेस्ट प्रोडक्ट के द्वारा कम लागत में सजावटी सामान का निर्माण कर वेस्ट मैनेजमेंट को समझाया एवं इस विधा का उपयोग कर स्वरोजगार प्रारंभ करने की प्रेरणा दी। वर्कशॉप की प्रथम दिनांक 23.11.22 कोवक्ता श्रीमती मनीषा कनकने आर्ट एंड क्राफ्ट एक्सपर्ट वामाटेक इंस्टीट्यूट कटनी द्वारा ग्लास पेंटिंग घर में फालतू पड़ी कांच की बोतलों या आईने पर पेंटिंग करने की कला सिखाई। इसी के साथ उनके द्वारा घर में उपलब्ध रद्दी पेपर का उपयोग पेपर मेशे कले बनाने में की जाना बताया जाकर इस कले का उपयोग कई सजावटी सामग्री बनाने के लिए उपयोगी है बताया गया। दिनांक 24.11.22 को सुश्री पूजा द्वारा प्लास्टिक बॉटल से विंड चाइम एवं सुश्री मानसी कनकने द्वारा दिनांक 25.11.22 को पेपरमेशे कले के माध्यम से नेमप्लेट बनाने की ट्रेनिंग छात्राओं को दी कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नेहा चौधरी विभागाध्यक्ष ग्रह विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. विमला मिंज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, श्री बिनेश कुमार यादव, श्रीमती मोहिनी पहाड़े, श्रीमती हेमलता उपस्थित रहे।

# अब तक 50 फीसदी हुआ काम, अगले साल मिलेगा कटनी को ग्रेड सेपरेटर ब्रिज




**कटनी, यशभारत।** देश के सबसे लंबे 34.9 किलोमीटर लंबे रेलवे ग्रेड सेपरेटर का निर्माण कार्य करीब 50 प्रतिशत पूरा हो चुका है। ग्रेड सेपरेटर अब शहर में भी आकार ले रहा है। जानकारी के अनुसार इसका निर्माण एलएंडटी कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। इसे 2023 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। अभी तक 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस ग्रेड सेपरेटर के बन जाने से बीना-कटनी के रेलखंड में फ्रेट ट्रेन के संचालन में जहां वृद्धि होगी, वहीं रफ्तार भी बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस परियोजना के पूरा होने से कटनी से बिलासपुर और सिंगरौली के लिए अतिरिक्त रेल लाइन का सीधे संपर्क जुड़ जाएगा। कटनी, नई कटनी, कटनी मुड़वारा जैसे अतिव्यस्त क्षेत्र से रेलखण्ड का बायपास होगा। गुड्स परिवहन में वृद्धि होने से फ्रेट ट्रेनों के समय में बचत होगी। इससे पमरे के राजस्व में वृद्धि होगी।

### इस तरह बन रहा है ग्रेड सेपरेटर

परड़िया से मझगवां फाटक तक कटनी ग्रेड सेपरेटर की कुल लंबाई 34.9 किमी है।

ग्रेड सेपरेटर में वॉयडक्ट (17.8 किमी), रिटेनिंग वॉल (3.2 किमी), अर्थवर्क (13.9 किमी) पर ग्रेड सेपरेटर का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

ग्रेड सेपरेटर में कुल 676 पिलर्स/अब्यूटमेंट्स, 8 रेल ओवर ब्रिज (आरओआर), 6 मेजर ब्रिज निर्माण कार्य के साथ एलिवेटेड डेक पर पॉइंट्स और क्रासिंग का भी कार्य किया जा रहा है।

# लॉज मैनेजर की संदिग्ध मौत पर हत्या के एंगल से जांच



**कटनी, यशभारत।** कटनी कोतवाली थाना क्षेत्र के दिलबहार चौराहे के पास बरही रोड स्थित एक लॉज में मैनेजर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में परिजनों के आरोप के बाद पुलिस ने इसे हत्या के एंगल से जांच शुरू कर दी है। अब तक करीबआधा दर्जन लोगों से पुलिस पूछताछ कर चुकी है। संदिग्ध परिस्थिति में लाज के मैनेजर की मौत के बाद पुलिस ने युवक को शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच पुलिस ने शुरू कर दी। इधर इस घटना के बाद मृतक के परिजनों ने साफ तौर पर इस मौत को हत्या करार देते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायत की थी। मृतक के परिजनों ने हत्या का संदेह जताया है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य और साक्ष्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि माधवनगर थाना क्षेत्र के कछगवां गांव निवासी दीपक पिता बलराम चौबे (28 वर्ष) कोतवाली थाना क्षेत्र के बरही रोड स्थित चिराग लॉज में मैनेजर था। रात में दीपक सीढ़ियों से गिर गया था, जिससे उसके सिर पर चोट लग गई थी। रात में दीपक को अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया। सुबह जब उसे होटल में कर्मचारियों ने देखा तो वहीं अचेत अवस्था में था। कर्मचारियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। होटल के मालिक सुरेश वाधवानी ने बताया कि लॉज के कर्मचारियों ने उन्हें जानकारी दी है कि रात में मैनेजर ने शराब पी थी, इसी दौरान सीढ़ी से वह गिर गया। जिसकी वजह से उसके सिर पर चोट लगी। कर्मचारियों ने दीपक को जाकर सुला दिया। सुबह होने पर उसका शरीर अकड़ गया था, कर्मचारियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि मृतक के भाई शिवम चौबे ने संदिग्ध परिस्थितियों में हुई दीपक की मौत को लेकर हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
दोपहर 12.30, 4, 6.30 एवं रात्रि 10 बजे से


दृश्यम-2
कलाकार- अजय देवगन, श्रेया सरन, अक्षय खन्ना, तब्बू आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
दोपहर 1, 3.30, 7 एवं रात्रि 9.30 बजे से

भेड़िया
कलाकार- वरूण धवन, कृति सेनन, दीपक दोब्रियाल, अभिषेक बैनर्जी आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

नीरज सिनेप्लेक्स में

ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 25 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
भेड़िया
कलाकार-वरूण धवन, कृति सेनन, दीपक दोब्रियाल, अभिषेक बैनर्जी आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 100/- बॉक्स- 120/-
लोवर क्लास-50/- अपर क्लास-80/-

## महुआ लाहन जब्त कर 3 न्यायालयीन प्रकरण दर्ज



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय आर निर्माण पर रोकथाम हेतु चलाये जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक दो में आधारकाप, तेलियनपार, सुरहाघाट में श्रीमती ममता अहिरवार सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आबकारी टीम बी द्वारा की गई कार्यवाही में कुल जप्ती 1125 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 30 लीटर अवैध हाथ भट्ठी मदिरा के कुल 3 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के तहत पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लाहन तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 60 हजार 750 रूपये है। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिह बघेल, मोना दुबे, केशव प्रसाद उईके, आबकारी आरक्षक चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, वीणा ब्रम्हवंशी, शिवमूरत नामदेव उपस्थित रहे।

यश भारत

# सिटी न्यूज

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, शनिवार, 26 नवंबर 2022

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केन्द्र ने टटोली स्कूलों की नब्ज

# 17 में से 7 बच्चे ही हल कर पाए गणित के सवाल





**कटनी, यशभारत।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केन्द्र डाइट के व्या याता राजेंद्र असाटी ने स्कूलों में पहुंचकर वहां की नब्ज टटोली। माध्यमिक शाला लखापतेरी में कक्षा आठवी के 4 बच्चों का गणित विषय में ऐकिक नियम आधारित परीक्षण किया गया। कोई भी बच्चा ठीक हल नहीं कर सका। एट ग्रेड पुस्तिका में कार्य हुआ है। अंग्रेजी लेखन में कुछ त्रुटियां पाई गईं, जिनमें सुधार की आवश्यकता बताई गई। छात्रों ने बताया कि गणित विषय के शिक्षक नहीं होने के कारण अध्यापन बाधित है। शिक्षकों को समय पर विद्यालय खोलने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इपीइएस सलैया फाटक कक्षा पांचवी के बच्चों का गणित विषय में हासिल वाले घटाने पर टेस्ट लिया गया। उपस्थित 17 बच्चों में से 7 बच्चों ने सही जवाब दिए। विद्यालय के सभी शिक्षकों की संक्षिप्त मीटिंग लेकर बच्चों के सीखने सिखाने एवं सोचने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। बताया जाता है कि माध्यमिक शाला गौरा विद्यालय ने अच्छा गार्डन डेवलप किया है, जिसमें अंगूर सिंदूर सहित कई दुर्लभ प्रजातियों के पेड़ पौधे सहित प्रिंट रिच वातावरण तैयार किया है। पर्यावरण को खूबसूरत बनाने में महेन्द्र ने खुद को झोंक दिया है। विद्यालय में व्यवस्थित पुस्तकालय संचालित है। कक्षा आठ के बच्चों का घटाने एवं भाग की संक्रिया आधारित परीक्षण किया गया। उपस्थित 17 बच्चों में से एक बच्चे ने दोनों सवाल सही किए। 9 बच्चों ने दो में से एक सवाल ठीक किया। 7 बच्चों ने दोनों सवाल गलत किए।

### शिक्षकों को सीखने, सिखाने एवं सोचने की प्रक्रिया पर जोर

### जन शिक्षा केन्द्र का भी लिया जायजा

टीम ने जन शिक्षा केन्द्र के सभी शिक्षकों को माध्यमिक शाला का अवलोकन कराया गया ताकि वे अपनी शाला को भी बेहतर बना सकें। सभी शालाएं अपने विद्यालयों में गिनती का चार्ट लगाएंगे जिसमें एक से सौ तक की गिनती इकाई, दहाई एवं सैकड़े में अंकों में, हिंदी एवं अंग्रेज़ी शब्दों में लिखकर दीवाल पर लगाएंगे, ताकि बच्चों में स्थानीयमान के आधार पर सं या की समझ विकसित हो सके। विद्यालय द्वारा हम सभी शिक्षकों को उनके योगदान और उपस्थिति के लिए स मानित किया गया।

### गणित अध्यापन करने वाले शिक्षकों की हुई मीटिंग

जन शिक्षा केन्द्र दशरमन के सभी विद्यालयों में गणित विषय का अध्यापन करने वाले शिक्षकों की मीटिंग में उनसे गणित की आधारभूत संक्रियाओ में बच्चों द्वारा की जा रही त्रुटियों पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षकों से कुछ सवाल हल कराने पर लगा कि कुछ शिक्षक जिस तरीके से बच्चों को सिखा रहे हैं उसमें अवधारणात्मक स्पष्टता नहीं है। इसके कारण कई बार बच्चे भी भ्रमित हो रहे हैं। सुधार पर व्यापक चर्चा की गई। जन शिक्षा केन्द्र के अधिकांश विद्यालयों के पुस्तकालय में लेन देन कार्ड नहीं बनने से बच्चों के द्वारा पढ़ी गई किताबों का आकलन नहीं हो रहा है। यह भी पाया गया कि अधिकांश शिक्षक स्वयं किताबें नहीं पढ़ रहे हैं, जिसके कारण बच्चे भी प्रेरित नहीं होते। शिक्षकों को मौके पर एक एक किताब पढ़ने को दी गई एवं डाइट व्या याता द्वारा आनंददायक पढ़ने को व्यावहारिक रूप से प्रस्तुत किया गया। सभी शिक्षकों द्वारा एक माह में विद्यालय की पंद्रह किताबों को पढ़ने का लक्ष्य रखा गया।



## शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में मोहित परौहा प्रथम

**कटनी, यशभारत।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय कला उत्सव का आयोजन विगत दिवस किया गया। जिसमें संभाग स्तरीय कला उत्सव शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में शासकीय मॉडल सीएम राइज स्कूल के प्रतिभागी मोहित परोहा ने प्रथम स्थान अर्जित किया। मोहित की इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों एवं परिवारजनों ने बधाई दी है।

## जैन बोर्डिंग हाऊस में निःशुल्क परामर्श एवं निदान शिविर कल

**कटनी, यशभारत।** परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से दिग बर जैन संरक्षिणी सभा द्वारा संचालित आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ दयोदय तीर्थ, तिलवाराघाट, जबलपुर के मार्गदर्शन में दिग बर जैन सोशल ग्रुप रॉयल द्वारा निःशुल्क परामर्श एवं निदान शिविर का आयोजन 27 नवंबर दिन रविवार को सुबह 11.30 बजे से अपरान्ह 3:30 बजे तक जैन बोर्डिंग हाऊस अहिंसा चौक थाना तिराहा के पास किया जा रहा है। जिसमे डॉ अमित मुखर्जी (बीएएमएस, एमडी, पीएचडी) द्वारा जोड़ों के दर्द, साइटिका, स्पोन्डिलोसिस, हाई ब्लडप्रेशर, डायबिटीस, पैरालाइसिस, अनिद्रा संबंधित बीमारियों के लिये आयुर्वेद पद्धति से इलाज किया जाएगा। इसी तरह डॉ अमोल डोंगरे (बीएएमएस, एमएस, बीएचयू, पीएचडी) द्वारा पाईल्स, फिस्टुला, भगंदर, गुदचिर, शरीर पर किसी भी प्रकार के मस्से, कैंसर युक्त आदि का आयुर्वेद की प्राचीन पद्धति से इलाज किया जाएगा। पुण्यजिक परिवार के संतोषकुमार, सुबोध कुमार, प्रवीण कुमार सिंघई (मालगुजार परिवार) हुकमचंद, आशीष कुमार जैन (राजू) (गब्बर भईया की स्मृति में) शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अधिक जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन के लिए रानू जैन, विवेक जैन गोल्डी, आकेत जैन डि पी, रजत जैन, अंकुश जैन एवं राहुल जैन से संपर्क किया जा सकता है।



## पोस्टर में अर्पिता, निबंध में अनूपा एवं भाषण प्रतियोगिता में रणधीर ने मारी बाजी

### शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में प्रतियोगिताओं का आयोजन

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** शासकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गृत विभिन्न प्रतियोगीताओ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई, जिसके अंतर्गत अर्पिता केवट पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता में अनूपा पटेल, भाषण प्रतियोगिता में रणधीर कुमार, चित्रकला प्रतियोगिता में लक्ष्मी पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अरुण कुमार द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुमन पुरवार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन धीरज डिकोनिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महविद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में महविद्यालय के समस्त छात्र छात्राओ ने उत्साह के साथ अपनी अपनी सहभागिता दर्ज की।

# एंटीबायोटिक दवाओं के ओवरडोज से हो रहा नुकसान

### बैक्टीरिया और वायरस एंटीबायोटिक दवाओं को बेअसर कर रहे, सरकार ने शुरू किया अवेयरनेस अभियान

**कटनी, यशभारत। जिस प्रकार एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल बहुत अधिक बढ़ रहा है। यदि ये इसी प्रकार चलता रहा तो भविष्य में एंटीबायोटिक दवाओं का हमारे शरीर पर कोई खास असर नहीं होगाा। रिसर्च बताती हैं कि कई बैक्टीरिया और वायरस समय के साथ एंटीबायोटिक दवाओं को बेअसर करते नजर आ रहे हैं। यही कारण है कि भारत सरकार के साथ राज्य सरकार द्वारा एंटीबायोटिक दवाओं के अधिक उपयोग से हो रहे नुकसान को लेकर एंटीबायोटिक अवेयरनेस अभियान शुरू किया गया है।**



इस अभियान के अंतर्गत लोगों को यह बताने का प्रयास किया जा रहा है कि इन दवाओं का बहुत अधिक आवश्यकता पड़ने पर ही इस्तेमाल किया जाए। उक्त आशय की जानकारी सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान दी। सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने बताया कि विशेषज्ञों ने एंटीबायोटिक दवाओं की कार्यप्रणाली, अधिकता और न लेने के नुकसान आदि विषयों पर रिसर्च तैयार की है। उन्होंने बताया कि मनुष्य के साथ-साथ कृषि और पशुओं को दी जाने वाली एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल को भी सीमित करने की जरूरत है, क्योंकि इनके सेवन से भी हमारे शरीर में एंटीबायोटिक दवाएं बेअसर हो रही हैं। उन्होंने बताया कि हमारे देश में एंटीबायोटिक दवाएं सरलता से उपलब्ध हो जाती हैं। ऐसे में काफी मरीज मनमर्जी से स्वयं का इलाज करने की कोशिश करते हैं और शरीर को कमजोर करने के साथ ही बीमारी को बढ़ा लेते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों में एंटीबायोटिक दवाएं डॉ. की सलाह पर ही खरीदी जा सकती हैं लेकिन भारत में ऐसा नहीं है। एंटीबायोटिक दवाओं की श्रेणियों के बारे में विस्तार से सिविल सर्जन ने बताया कि वर्तमान में तीनों श्रेणियों की दवाओं के इस्तेमाल का औसत पूरी तरह गड़बड़ाया हुआ है। जो काफी चिंता का विषय है। एंटीबायोटिक दवाओं का अधिक इस्तेमाल हमारे शरीर को तो नुकसान पहुंचा ही रहा है, साथ ही ये आने वाली पीढ़ी के लिए भी बड़ी मुसीबत खड़ी कर रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि एंटीबायोटिक दवाओं का कम से कम इस्तेमाल किया जाए या फिर चिकित्सकों के परामर्श पर ही ली जाए।

# हर्षोल्लास के साथ मना भगवान श्री सत्य साई बाबा का 97वां जन्मदिवस



**कटनी,यशभारत।** नदीपार स्थित सत्य ज्योत लॉन सभागार में श्रीसत्य साईबाबा का 97वां जन्मोत्सव कार्यक्रम सायं 6 बजे आरंभ कर मनाया गया जो रात्रि 8:30 बजे तक चला। सर्वप्रथम वेदपाठ व सर्वधर्म के भजनों का उपस्थित भक्तजनों ने रसास्वादन किया। तत्पश्चात समिति द्वारा निःशुल्क संचालित बालविकास क्लास के नन्हें-मुन्नों द्वारा जहां आध्यात्मिकता के गुण नामक नाटक के बाद प्रेम संदेश लाए हैं हम गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया, तो वहीं श्रीकृष्ण-सुदामा पर बेहद शिक्षापूर्ण नाटिका की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में ख्यातिलब्ध दंत चिकित्सक डॉ. अक्षय गुप्ता ने साई बाबा की कृपावर्षा के अपने अनुभव बहुत ही रोचक ढंग से उपस्थित जनसमूह से साझा किये।

### श्रीसत्य साई बालविकास की छात्राओं ने दी प्रस्तुत

ओ पालनहारे, समूह गीत ने कार्यक्रम को और ऊंचाइयां प्रदान की। आध्यात्मिकता से ओतप्रोत इस जन्मोत्सव कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, पार्षद श्रीमती बीना बैनर्जी, श्रीमती सीमा श्रीवास्तव, अवकाश जायसवाल, पत्रकार सुरेंद्र राजपूत, यशभारत के स्थानीय संपादक आशीष सोनी, विनोद दुबे के अलावा डॉ. गगन सोनी, ईशु तिवारी, सतरंजन अग्रवाल आदि गणमान्य भक्तों की उपस्थिति रही।



### साई जन्मोत्सव पर हुईं विविध आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व सेवा गतिविधियां

### गोविंद देव जी मंदिर में अभिषेक

साई जन्मोत्सव के पश्चात वृहद प्रभातफेरी नगर के मुख्य मार्गो से निकली गई। आतिशबाजी के साथ साई अभिषेक हुआ। छोटे बच्चों ने केक काटा तो वहीं साई यूथ ने पुष्पांजलि द्वारा अपना प्रेम साई चरणों में अर्पित किया। समापन अवसर पर समिति जिलाध्यक्ष एवं समिति संयोजक ने सभी का आभार व्यक्त किया। आयोजन का समापन महामंगल आरती व भोजन, प्रसाद के पश्चात हुआ। ज्ञात हो कि विगत 17 से 23 नवंबर तक किए गए सेवाकार्यों में हॉस्पिटल सेवा, ग्राम सेवा, वस्त्र वितरण, रक्तदान, भोजन-प्रसाद की नारायण सेवा आदि संपन्न हुए।

## लघु वेतन कर्मचारियों ने की पदनाम परिवर्तन की मांग



**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा कटनी के पदाधिकारियों ने कलेक्टर अवि प्रसाद से मुलाकात की एवं कर्मचारियों की समस्याओं, पदनाम परिवर्तन, ग्रेड पे 1800 किया जाना, अंशकालीन कर्मचारियों को नियमित किए जाने, समस्त विभागों में वरिष्ठता सूची का प्रकाशन,, समयमान वेतनमान व अन्य से अवगत कराया गया। इस अवसर परर संघ के पदाधिकारी पूर्णेश उइके जिलाध्यक्ष, अजय गौतम प्रांतीय सचिव, मनोज श्रीवास, कमलेश पांडेय, ज्ञानेन्द्र पांडेय, राकेश जसूजा, सतीश पटेल, विपिन साहू, राहुल व अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।







सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली
कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

### मांझी समाज की बैठक कल

**कटनी, यशभारत।** मांझी समाज जिला कटनी द्वारा आगामी 15 जनवरी 2023 रविवार को आयोजित हो रहे युवक-युवती परिचय स मेलन की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन कल रविवार 27 नवंबर को राजकुमार सोंधिया यूनियन बैंक के संत नगर, नई बस्ती स्थित निवास पर शाम 4 बजे से किया गया है। जिलाध्यक्ष महेश सोंधिया, संरक्षक योगेश सोंधिया, कार्यक्रम अध्यक्ष रविकांत रैकवार एवं नगर अध्यक्ष आशीष रैकवार ने समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों से बैठक में पहुंचने का आग्रह किया है।

यदि यश भारत समय पर आप तक नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

# पेसा एक्ट लागू करने हो गई है ग्राम सभा की शुरूआत : मुख्यमंत्री चौहान



**भोपला, एजेंसी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पेसा एक्ट एक सामाजिक क्रांति है, इससे जनजातीय विकासखण्डों में ग्राम सभाओं को अधिकार सम्पन्न बनाया जा रहा है। गत 15 नवंबर से लागू इस एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये अब सशक्त रूप से ग्राम सभाओं की शुरूआत हो चुकी है। ग्रामीणजन अपने अधिकारों का उपयोग कर ग्राम को आत्म-निर्भर बनाये और ग्रामीणों को आर्थिक संबल प्रदान करें। मुख्यमंत्री चौहान आज डिंडौरी जिले में पेसा एक्ट की जागरूकता के लिये ग्राम शहपुरा और गुरैया में ग्राम सभा में शामिल होकर ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए। मुख्यमंत्री चौहान ने ग्रामीणों से कहा कि मैं आज भाषण देने नहीं, आपको पैसा एक्ट पढ़ाने आया हूँ। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर जनजातीय समुदाय के लिये ऐतिहासिक निर्णय लिया जाकर पेसा एक्ट लागू किया गया है। इसमें प्रत्येक जनजातीय ग्राम की अलग से ग्राम सभा होगी और उसे अधिकार सम्पन्न बनाया जाएगा। इसके लिये जरूरी है कि ग्राम के लोग पेसा एक्ट की भावना को समझे और उसे अपने ग्राम हित में लागू करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पेसा एक्ट लागू कर यह सुनिश्चित किया है कि अब सरकार भोपाल से नहीं चौपाल से चलेगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि पेसा एक्ट किसी के खिलाफ नहीं है, इससे किसी का कोई नुकसान नहीं है, सभी का फायदा ही फायदा है। आज मैं आपको जल, जंगल और जमीन का अधिकार देने आया हूँ। अब हर साल ग्राम की ग्राम सभा में पटवारी और फारेस्ट गार्ड नक्शा, खसरे की नकल, बी-1 की कापी लेकर आयेंगे और ग्रामवासियों को पढ़ कर सुनायेंगे। गड़बड़ी पाई गई तो ग्राम सभा सुधार करेगी। गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि अब किस सरकारी कार्य, योजना के लिये जमीन देना है, यह ग्राम सभा तय करेगी। ग्राम की भूमि का बिना ग्राम सभा की अनुमति के भू-अर्जन नहीं किया जा सकेगा। किसी जनजातीय भाई की जमीन पर कोई व्यक्ति बहला-फुसला कर, शादी के माध्यम से अथवा धर्मांतरण द्वारा कब्जा नहीं कर पायेगा। गाँव की गिट्टी, पत्थर, रेती आदि की खदानों की नीलामी होनी है या नहीं यह ग्राम सभा तय करेगी। खदान पहले जनजातीय सोसायटी को, फिर ग्राम की बहन को और फिर पुरूष को प्राथमिकता के आधार पर दी जायेगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि गाँव के तालाबों का प्रबंधन, उनमें मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन आदि का अधिकार ग्राम सभा का होगा और प्राप्त आमदनी पर ग्रामवासियों का हक होगा। सौ एकड़ तक के सिंचाई तालाब और बाँधों का प्रबंधन ग्राम सभा के पास होगा। हर्र, बहेड़ा, ऑवला, गोंद, करंज आदि वनोपज संग्रह और बेचने का अधिकार ग्राम सभा को होगा। वह इनके मूल्य भी निर्धारित कर सकेगी। वनोपज की आमदनी भी ग्राम सभा के पास आयेगी। जनजातीय भाइयों को अब तेन्दूपत्ता तोड़ने और बेचने का अधिकार होगा। साथ ही आमदनी भी उनके खाते में जायेगी। आगामी 15 दिसम्बर तक ग्राम सभा तय कर ले कि वह इस वर्ष तेन्दूपत्ता संग्रहण करेगी अथवा नहीं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि ग्राम पंचायत में एक वर्ष में जो पैसा आता है उससे क्या किया जाये, यह ग्राम सभा तय करेगी। यदि गाँव के मजदूरों को कोई दूसरे स्थान पर ले जाता है तो उसे ग्राम सभा से इसकी अनुमति लेना होगी। बाहरी व्यक्ति गाँव में आता है तो उसे भी ग्राम सभा की अनुमति लेनी होगी। मनरेगा के कार्यों की मॉनिटरिंग ग्राम सभा करेगी। कार्य का मस्टर रोल भी ग्राम सभा में रखा जायेगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि गाँव में नई दारू दुकान खुले या नहीं, इसका फैसला ग्राम सभा करेगी। यदि दारू की दुकान, अस्पताल, स्कूल, धार्मिक स्थल के पास है तो ग्राम सभा उसे बंद करने अथवा दूसरी जगह ले जाने की अनुशंसा कर सकेगी। ग्राम सभा किसी दिन को ड्राय-डे घोषित करने के लिये कलेक्टर को अनुशंसा कर सकेगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कोई निजी साहूकार, ब्याज देने वाला व्यक्ति लायसेंस लेकर और सरकार द्वारा तय ब्याज दर पर ही ग्रामीणों को ऋण दे सकेगा। अवैध रूप से दिये गये ऋण शून्य हो जायेंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि गाँव के छोटे-छोटे झगड़ों के निराकरण के लिये ग्राम शांति एवं विवाद निवारण समिति गठित की जायेगी, जो उनका निपटारा करेगी। जिन मामलों में एफआईआर दर्ज होती है, उसकी जानकारी पुलिस द्वारा ग्राम सभा को देना होगी। बाजारों, मेलों, त्योहारों का प्रबंधन ग्राम सभा कर सकेगी। आँगनवाड़ी, छात्रावास, स्कूल, आश्रम शालाएँ, अस्पताल के प्रबंधन का अधिकार भी ग्राम सभाओं के पास होगा। मुख्यमंत्री चौहान ने ग्रामवासियों की माँग पर ग्राम शहपुरा में मुख्य मार्ग पर डिवाइडर निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का सिविल अस्पताल में उन्नयन कर महिला डॉक्टर की पद-स्थापना, मार्ग निर्माण, हर घर पाइप लाईन और नल से जल आदि की घोषणा की। मुख्यमंत्री चौहान ने शहपुरा में मामा की पाती मुखिया के नाम और सिकल सेल प्रभावितों के लिये जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई जीवनदायिनी प्रसाद का विमोचन किया। केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी संबोधित किया। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, जन-प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय के मुखिया एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# पेयजल पाइप लाइन निर्माण में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराएँ : कृषि मंत्री पटेल

**भोपला, एजेंसी।** किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने जल जीवन मिशन में पेयजल पाइप लाइन निर्माण में क्षतिग्रस्त होने वाली सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश दिये हैं। मंत्री श्री पटेल जिला पंचायत हरदा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने आगामी 13 दिसम्बर को जिले में होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिये। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गजेंद्र शाह, उपाध्यक्ष श्री दर्शन सिंह गहलोत सहित जन-प्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे। कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार हर घर, नल-जल उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है। हरदा में पेयजल योजनाओं के लिये संरचनाएँ बनायी जा रही हैं। उन्होंने पेयजल पाइप लाइन डाले जाने और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल्द ही हरदा में सभी को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। मंत्री श्री पटेल ने जिला पंचायत सदस्यों से कहा कि वे अपने भ्रमण के दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं में संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देखें तथा गुणवत्ता ठीक न होने पर अधिकारियों को अवगत करायें। कृषि मंत्री श्री पटेल ने आगामी 13 दिसम्बर को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में होने वाले सामूहिक विवाह के समुचित प्रबंध के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि हरदा में 500 जोड़ों का सामूहिक विवाह मुख्यमंत्री श्री चौहान की उपस्थिति में होगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। सभी समाजों के अध्यक्ष और सचिवों से चर्चा कर विवाह सम्मेलन की तिथि और आयोजन के बारे में उन्हें बताएँ, जिससे अधिक से अधिक कन्याओं का विवाह सम्मेलन में हो सके। कृषि मंत्री श्री पटेल ने आगामी 7 से 13 दिसम्बर तक हरदा में होने वाली कथा-वाचिका जया किशोरी जी की श्रीमद्भागवत कथा में सभी को आमंत्रित किया।

## भुन्नास से आदमपुर सड़क का किया भूमि-पूजन

कृषि मंत्री श्री पटेल ने प्रसिद्ध कथा-वाचिका कृष्ण प्रिया की उपस्थिति में ग्राम भुन्नास से आदमपुर बनने वाली सड़क का भूमि-पूजन किया। प्रधानमंत्री ग्राम-सड़क योजना में बनने वाली इस पक्की सड़क की लम्बाई 5.30 किलोमीटर और लागत 2 करोड़ 60 लाख रूपये है।

# राज्य मंत्री कुशवाह ने किया नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद थांदला माइक्रो इरिगेशन परियोजना का निरीक्षण

**भोपला, एजेंसी।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण (स्वतंत्र प्रभार) एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने झाबुआ जिले में निर्माणाधीन नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परियोजना में उपयोग किये जाने वाले पाइप की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने निर्माण स्थल पर चल रहे हाइड्रो टेस्ट का भी निरीक्षण किया। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला माइक्रो इरिगेशन बहु-उद्देश्यीय परियोजना की पाइप लाइन को बिछाने के दौरान लेवल (ढाल) को मेंटेन करके रखें, जिससे किसान भाइयों को समान प्रवाह के साथ जल मिल सके।

# लोक धन के अपव्यय को रोकने और वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता में लेखा परीक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण : राज्यपाल पटेल



**भोपला, एजेंसी।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि लोक धन के अपव्यय को रोकने संबंधी व्यवस्थाओं के अनुपालन में और सभी प्रकार के वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता सुनिश्चित कराने में लेखा परीक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेखा परीक्षा विभाग का 160 वर्षों का समृद्ध और गौरवशाली इतिहास है। राज्यपाल पटेल ने शुक्रवार को लेखा परीक्षा सप्ताह के समापन समारोह को वर्चुअली संबोधित किया। राज्यपाल पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने लेखा परीक्षा विभाग के गौरवशाली इतिहास के सम्मान में गत वर्ष से 16 नवम्बर को लेखा परीक्षा दिवस के रूप में मनाने की पहल की है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की प्रमुख विशेषता विधायिका सहित उसके सभी प्रमुख अंगों में सामंजस्य बनाए रखना है। लेखा परीक्षा विभाग द्वारा संसद और राज्य विधान सभाओं के लिए सरकार और अन्य सार्वजनिक प्राधिकरण की सार्वजनिक धन के व्यय सम्बन्धी जवाबदारी तय करने और इस सम्बन्ध में जानकारी जन-साधारण को उपलब्ध कराने के महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया जाता है। वास्तव में लेखा परीक्षा विधायिका के प्रति प्रशासन की जवाबदेही लागू करने का उपकरण होकर वित्तीय प्रशासन पर विधायी नियंत्रण का महत्वपूर्ण साधन है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि ऑडिट के कठोर मानकों का पालन अधिक सावधानी के साथ किया जाना चाहिए, जिससे ऑडिट के दौरान नुकसान के अनुमानों अथवा बाहरी आंकड़ों के कारण ऑडिट की अखंडता प्रभावित नहीं हो। राज्यपाल पटेल ने कहा कि लेखा परीक्षा और लेखा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अपने दायित्वों का सफल निर्वहन, संवैधानिक कर्त्तव्यों और सौंपी गयी जिम्मेदारियों को हमेशा सचेत रहते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करना ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संसाधनों का उपयोग गरीबों और ज़रूरतमंदों के हित में प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने में लेखा परीक्षा के अधिकारी-कर्मचारियों की महती भूमिका है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी सबसे निर्धन लोगों की सेवा करने और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए पारस्परिक सहानुभूति से भरपूर सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने लेखा परीक्षा के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनका सहयोग विकास की वर्तमान गति को और तेज करने, समाज के वंचित वर्गों के कल्याण और राष्ट्र-निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होगा। प्रधान महालेखाकार सुगीताली तारे ने स्वागत भाषण दिया। प्रधान महालेखाकार डी. साहू ने आभार माना।

# ग्राम में ही राशन मिलने से खुश है जनजातीय वर्ग के हितग्राही



**भोपला, एजेंसी।** मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना से जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों को उनके अपने ही ग्राम में राशन उपलब्ध होने से बड़ी राहत मिली है। पहले पंचायत मुख्यालय या अन्य दूर गाँव से राशन लेकर आना पड़ता था। योजना के शुरू होने से अब ग्रामीणों को गाँव में ही आसानी से राशन मिलने लगा है। शासन द्वारा जनजातीय युवा बेरोजगारों को ऋण और अनुदान उपलब्ध कराते हुए वाहन खरीदवाये गये हैं। इन्हीं वाहनों से युवा गाँव-गाँव जाकर राशन वितरण का काम कर रहे हैं। इससे गाँव वालों को अपने गाँव में ही राशन और युवाओं को अपने परिवार की जीविकोपार्जन का आधार मिला है।

## ग्रामवासियों में खुशी की लहर

नर्मदापुरम जिले के विकासखंड केसला की ग्राम पंचायत जमानी के गाँव मानागाँव में मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना में गाँव में ही राशन मिलने से गाँव के लोग खुश है। मानागाँव की सुरेखा उइके ने बताया कि- पहले उन्हें राशन लेने के लिए 4 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत जमानी जाना पड़ता था। वहाँ पहले से ही भीड़ रहती थी। कोई साधन नहीं होता तो राशन लाना मुश्किल होता था। अब राशन वाहन गाँव में ही राशन लेकर आ रहा है। इससे बहुत सहुलियत हो गयी है। घर का कोई भी व्यक्ति जाकर राशन ले सकता है। योजना से हमें बहुत फायदा है। सब गाँव वाले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभारी हैं, जिन्होंने हमारी दिक्कत को समझा और गाँव में ही राशन का वाहन पहुँचा दिया। हमें नियमित रूप से गाँव में ही राशन मिलने से समय और किराये की बचत हो रही है। कुछ ऐसी ही खुशी गाँव के अन्य लोगों ने भी जाहिर की है।

## केसला ब्लाक में पाँच सेक्टर

विकासखंड केसला में योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए क्षेत्र को 5 सेक्टर में बाँटा गया है। केसला के 5 युवा जनजातीय बेरोजगार सर्वदिनेश कवड़े, हरनाम सिंह, धर्मेन्द्र बरकड़े, सतीश उड़के और अजय कान्त कवड़े का चयन कर वाहन उपलब्ध कराया गया। विकासखंड के 73 ग्रामों के 5730 हितग्राहियों को सीधे उन्हीं के ग्राम में राशन वितरण शुरू हो चुका है। इससे सैकड़ों जनजातीय परिवार लाभान्वित हो रहे है। वर्तमान में मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना में पात्र परिवारों को 5 किलो प्रति सदस्य, अन्त्योदय परिवारों को 35 किलो गेहूँ, चावल एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में 5 किलो प्रति सदस्य चावल का वितरण किया जा रहा है। साथ ही अन्त्योदय परिवारों को प्रति परिवार 1 किलो शक्कर एवं सभी परिवारों को 1 किलो नमक का प्रदाय किया जा रहा है।



# डेढ़ हजार पुलिसकर्मियों ने सीखी तनावपूर्ण जीवन के बीच स्वस्थ रहने की कला

**भोपला, एजेंसी।** अच्छी दिनचर्या स्वस्थ जिंदगी का मूल मंत्र है। अपने मन और मस्तिष्क पर काबू रखें, ताकि व्यक्तिगत जीवन और कार्य के बीच में संतुलन बना रहे। यह बात पुलिस उपायुक्त विनीत कपूर ने आत्मसंवर्धन और क्षमता विकास प्रशिक्षण शिविर के 17वें बैच के समापन पर कही। उन्होंने कहा कि आपको संकल्प लेना है कि हमें घर पर भी हमेशा योग और व्यायाम कर खुद को स्वस्थ रखना है। शारीरिक रूप से स्वस्थ होने पर बीमारियों से बचा जा सकता है। इसलिए अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर और जिम्मेदार होना पुलिसकर्मी की प्राथमिकता में होना चाहिए। तब जाकर आप अपने मकसद में कामयाब हो सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान लोगों ने तनावपूर्ण जीवन के बीच खुश और स्वस्थ रहने का गुर सीखते हुए खड़े होकर ठहाके भी लगाए। बता दें कि आठ माह से पुलिसकर्मियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य और भावानात्मक विकास के मद्देनजर आला अधिकारियों के मार्गदर्शन में नगरीय पुलिस आत्मसंवर्धन और क्षमता विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें अधिकारी और पुलिसकर्मी दोनों शामिल होते हैं। इसमें पुलिसकर्मियों के मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग, व्यायाम और तनाव प्रबंधन, दिनचर्या और खानपान आदि के बारे में चर्चा होती और उनको अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विशेषज्ञों को बुलाकर जानकारी दी जाती है।

## 1500 पुलिसकर्मी हो चुके हैं प्रशिक्षित

बता दें कि इस प्रशिक्षण शिविर में करीब 1500 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। जो पुलिसकर्मी बीमार रहते हैं, उनकी समय-समय पर जांच कर इस शिविर में आने से लाभ हो रहा है। अभी तक करीब 100 पुलिसकर्मियों को तनाव और रक्तचाप की समस्या से पूरी तरह से मुक्ति मिल चुकी है। कार्यक्रम के दौरान मनोवैज्ञानिक और प्रोफेसर के साथ आला पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।

# रीवा में रोजगार मेला 284 विद्यार्थियों का चयन



**भोपला, एजेंसी।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना में रीवा के शासकीय रणमत सिंह महाविद्यालय (टीआरएस) में गुरुवार को रोजगार मेले में पीजी एवं यूजी अंतिम वर्ष के 284 विद्यार्थियों का प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया है। मेले में शामिल मारूति सुजुकी गुड़गाँव, गूगल पे, पेटीएम, बजाज एलायंस, एलआईसी एवं आईसीसीआई प्रोडेंशियल जैसी कंपनियों ने दस्तावेज एवं कॉउंसलिंग के आधार पर इन विद्यार्थियों का चयन किया है। सभी चयनित विद्यार्थियों को एक सप्ताह के भीतर कंपनी के हेडक्वार्टर बुलाया जाएगा। जहाँ उनके साक्षात्कार एवं कॉउंसलिंग के बाद दस्तावेजों का वैरीफिकेशन होगा। इसके बाद अंतिम रूप से चयनित युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किये जायेंगे। महाविद्यालय में एक काउंसिलंग स्टॉल भी लगाया गया, जहाँ विशेषज्ञों द्वारा मेले में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एवं संकाय के आधार पर कॅरियर मार्गदर्शन किया गया। रोजगार मेले में कुल 653 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया। मेले में कुल 13 कंपनियां शामिल हुई। कंपनी के अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों के प्राथमिक साक्षात्कार एवं दस्तावेजों के आधार पर उनका चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को फील्ड ऑफीसर, ट्रेनी एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव आदि का जॉब प्रदान किया जाएगा। इनका वेतन 12 हजार से 21 हजार प्रतिमाह रहेगा।

# भोपाल काफी सुंदर और समृद्ध शहर- एक्टर कौशिक

**भोपला, एजेंसी।** बॉलीवुड के ख्यात डायरेक्टर, प्रोड्यूसर एवं एक्टर सतीश कौशिक ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड कार्यालय में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और बोर्ड के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला से सौजन्य भेंट की। कौशिक भोपाल में एक फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पहुँचे हैं। उन्होंने कहा, 'देश के सबसे फिल्म फ्रेंडली स्टेट में आकर काफी खुश हूँ। भोपाल काफी सुंदर और समृद्ध शहर है। यहाँ की लोकेशन, खाना, मेहमानवाजी से काफी प्रभावित हुआ हूँ। उन्होंने बताया कि फिलहाल इकबाल मैदान पर अरबाज खान प्रोडक्शन की फिल्म शूटिंग चल रही है। इसके बाद भोपाल में मेरी अगली फिल्म पटना शुक्ला की शूटिंग होगी'। प्रमुख सचिव शुक्ला और अपर प्रबंध संचालक विवेक श्रोत्रिय ने उनका स्वागत किया।

**पटना शुक्ला की शूटिंग भोपाल में-** एक्टर कौशिक, अरबाज खान की फिल्म पटना शुक्ला की शूटिंग के लिए भोपाल में हैं। उन्होंने कहा कि पटना शुक्ला के बाद वे खुद एक फिल्म प्रोड्यूस करने जा रहे हैं, जिसकी शूटिंग भी भोपाल में ही होना है। इसी फिल्म के लिए पुरानी जेल सहित कुछ लोकेशन्स देखी हैं, जो काफी पसंद आई है।

# ट्रांस्को ने कराहल में ऊर्जीकृत किया 132 के.व्ही. सबस्टेशन

## अब कूनो नेशनल पार्क को मिलेगी 74 की जगह 18 कि.मी. से विद्युत सप्लाई

**भोपला, एजेंसी।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने श्योपुर जिले के कराहल में 72 करोड़ 28 लाख की लागत से 132 के.व्ही. सबस्टेशन, लगभग 74 किलोमीटर 132 के.व्ही. शिवपुरी-कराहल कॉरीडोर तैयार किया है। गत दिवस इस सबस्टेशन को 50 एम.व्ही.ए. क्षमता के पॉवर ट्रांसफार्मर के साथ ऊर्जीकत किया गया। इस सबस्टेशन से 33 के.व्ही. के 3 फीडरों के माध्यम से उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जायेगी। इसमें कूनो नेशनल पार्क को मिलने वाली सप्लाई भी शामिल है।

**74 किलोमीटर की जगह 18 किलोमीटर से मिलेगी विद्युत सप्लाई-** नये सबस्टेशन के निर्माण से अब कूनो नेशनल पार्क एवं उसके बफर जोन को पहले श्योपुर से जहाँ 74 किलोमीटर से सप्लाई मिला करती थी, वह अब मात्र 18 किलोमीटर से 33 के.व्ही. सेसईपुरा फीडर के माध्यम से मिलेगी। इससे उपभोक्ताओं के साथ पर्यटन उद्योगों को उचित गुणवत्ता की कम व्यवधान के साथ विद्युत उपलब्ध हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि पहले 33 के.व्ही. के फीडर की लंबाई 74 किलोमीटर होने तथा इसके कूनो नेशनल पार्क के सघन एवं रिजर्व फॉरेस्ट के साथ पहाड़ों के बीच से गुजरने के कारण सुधार कार्य में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इस नये सबस्टेशन के बनने से जहाँ बरसात आदि प्राकृतिक



कारणों से होने वाले व्यवधानों में कमी आयेगी और सुधार कार्य जल्द पूरा करने में भी मदद मिलेगी।

**दुर्गम पहाड़ी इलाकों और घनों जंगलों के बीच निर्मित की गई है लाईन-** कंपनी के मुख्य अभियंता श्री आर.के. खंडेलवाल ने बताया कि 132 के.व्ही. कराहल सबस्टेशन के लिए 132 के.व्ही. सबस्टेशन शिवपुरी से 132 के व्ही का कॉरीडोर बनाना चुनौतीपूर्ण था। दुरूह इलाकों में पहाड़ों पर टावर खड़ा करना, दुर्गम पहाड़ी पर सामान चढ़ाने के साथ कठोर चट्टानी भूमि पर फाउंडेशन बनाना तथा असमतल भौगोलिक क्षेत्र में इरेक्शन और स्ट्रींगिंग कर 132 के.व्ही. का कॉरीडोर बनाना बहुत जटिल था, जिसे पूर्ण किया गया। पूरे निर्माण में करीब 10 किलोमीटर का सघन रिजर्व वन क्षेत्र भी शामिल है। कंपनी ने वन भूमि उपयोग करने के एवज में करीब 15 किलोमीटर वन क्षेत्र में वृक्षारोपण भी किया है।

**200 से अधिक लिए गये शटडाउन-** 132 के.व्ही. कराहल सबस्टेशन के निर्माण के लिए कंपनी को लोक निर्माण, वन, राजस्व तथा रेलवे विभाग से समन्वय बना कर करीब 200 से अधिक शटडाउन लिये गये।

**जिले की पारेषण क्षमता में हुई बढ़ोत्तरी-** नये सबस्टेशन कराहल से कूनो नेशनल पार्क के अलावा गोरस, खिरकरी आदि क्षेत्रों में भी सप्लाई दी जायेगी। श्योपुर जिले में मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी अब अपने 5 अति उच्चदाब सबस्टेशन से विद्युत आपूर्ति करेगी। नव निर्मित 132 के.व्ही. सबस्टेशन कराहल के अलावा श्योपुर जिले में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी का एक 220 के.व्ही. सबस्टेशन श्योपुर तथा 132 के.व्ही. के तीन सबस्टेशन बड़ौदा, विजयपुर एवं श्योपुरकलां भी हैं। इस परियोजना में 132 के.व्ही. उपकेन्द्र कराहल से निकलने वाले तीन मुख्य 33 के.व्ही. फीडरों से कंपनी लिमिटेड के अधीन 33 के.व्ही. गोरस, खिरकिरी, कराहल फीडरों से लगभग 45 ग्रामों के 3 हजार कृषि/पम्प उपभोक्ताओं, 4 हजार घरेलू उपभोक्ताओं, 245 व्यावसायिक (गैर घरेलू) उपभोक्ताओं, 8 हजार बीपीएल उपभोक्ताओं, 30 पॉवर उपभोक्ताओं के अतिरिक्त लगभग 21 हजार उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा।





# रात में चौपाल लगाकर कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

## बरेला से खेरमाई माता मंदिर पहुंच मार्ग निर्माण जन भागीदारी से होगा, स्कूल के अतिक्रमण को हटाने व अवैध नशे के कारोबार पर कार्यवाही के निर्देश

**कटनी,यशभारत। कलेक्टर अवि प्रसाद ने गुरुवार को बरही तहसील के ग्राम कुआं में रात्रिकालीन चौपाल लगाई, ग्रामीणों से संवाद किया ,उनकी समस्याएं सुनी और निराकरण का आश्वासन देते हुए अगले माह पुनरू आने का वादा किया ।उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर अलाव में हाथ सेका ।इस दौरान वन मंडल अधिकारी गौरव शर्मा, एसडीएम महेश मंडलोई, तहसीलदार एवं वन अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच, पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।**

कलेक्टर श्री प्रसाद ने बरेला गांव में पहुंचकर मां खेरमाई के दर्शन किए और 1 किलोमीटर पैदल यात्रा करके खेरमाई मंदिर तक पहुंच मार्ग की स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीणों की सहभागिता और जन भागीदारी तथा शासन की मदद से यह सड़क बनाई जाएगी। साथ ही उन्होंने मां खेरमाई मंदिर के पास एक हैंडपंप उत्खनन के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बरेला नाला के पास पहुंचकर हाल ही में ग्रामीणों द्वारा नाले के पास अक्सर बाघ के आने की जानकारी देने पर कलेक्टर ने वहां पहुंचकर बाघ के पदचिन्ह का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से सावधानी और एहतियात बरतने की समझाइश दी। इसके बाद कलेक्टर ने दो-तीन माह पहले वाघ के हमले से घायल हुए बरेला निवासी हेतराम विश्वकर्मा से मिलने उनके घर गए और उनकी कुशल क्षेम जानी। तत्पश्चात कलेक्टर वहां से सीधे ग्राम पंचायत कुआं पहुंचे, जहां रात्रिकालीन चौपाल में शामिल हुए।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि पूरा प्रशासन, वन विभाग एवं पुलिस अमला आपके साथ खड़ा है । वन्य प्राणियों से बचाव हेतु जिन स्थलों में अंधेरा रहता है, वहां पर प्रकाश की व्यवस्था कराई जा रही है। सरकार की मंशा अनुसार सभी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों को दिलाने हेतु योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। कलेक्टर ने इस दौरान चौपाल में उपस्थित लोगों से व्यक्तिगत तथा गांव की समस्याएं बताने को कहा।


उपस्थित जनों द्वारा पूरे गांव की ओर से राजस्व बंदोबस्त में विशेष रुप से ध्यान देने की मांग की गई ।जिस पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा भू -अभिलेख की टीम का गठन करने के निर्देश एसडीएम को दिए तथा 30 दिवस में सर्वे की कार्यवाही पूर्ण करने की बात कही। राकेश वर्मा पंच द्वारा गांव में अवैध शराब एवं गांजे की व्यवसाय की शिकायत किये जाने पर मौके पर उपस्थित टी आई को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।स्थानिय नागरिक पीएम उरमलिया द्वारा बस स्टैंड में 4- 5 दुकानों में असामाजिक तत्वों द्वारा कब्जा किए जाने तथा विद्यालय भवन की जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत किए जाने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा स्कूल पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया तथा तहसीलदार को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। केशव मंजू तिवारी द्वारा जमीन के नामांतरण, कुठिया मोहगवा निवासी राजेश यादव द्वारा पशु धन हानि की शिकायत का निराकण 15 दिवस के अंदर करने के निर्देश दिए। वन्य प्राणी के हमले से हुई पशु हानि की मुआवजा राशि के संबंध में शिकायत की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा एसएसएसएमआईडी एवं पेंशन संबंधी शिकायत किए जाने पर कलेक्टर द्वारा सचिव को 1 माह का समय देकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। चौपाल के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से अपने मवेशियों को खुला ना छोड़ने तथा खेल मैदान को विकसित करने की अपील की।



### झिरिया नर्सरी का निरीक्षण

कलेक्टर अवि प्रसाद एवं वन मंडल अधिकारी गौरव शर्मा ने संयुक्त रूप से झिरिया नर्सरी का निरीक्षण किया और वहां की नैसर्गिक, प्राकृतिक संपदा और पौधारोपण का अवलोकन किया।

## नतीजों में सुधार के लिए ज्ञापन



समर्थ युवा शक्ति विद्यार्थी प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं ने सौंपा गर्ल्स कॉलेज को बीए प्रथम वर्ष के रिजल्ट में सुधार हेतु ज्ञापन सौंपा गया। छात्राओं ने चेतावनी देते हुए मांग की गई है कि जल्द ही निराकरण किया जाए अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बार्ड की बैठक 30 को

**कटनी,यशभारत।** जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बार्ड की बैठक 30 नवम्बर को दोपहर 1 बजे से निजी होटल मे आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर अवि प्रसाद करेंगें। बैठक मे सभी अशासकीय सदस्यों और शासकीय सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 16 दिसंबर को

**कटनी,यशभारत।** जिला पंचायत कटनी की सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 16 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के मुताबिक बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को भेजा जा रहा है।



# हजारों साल पुराने शैल चित्र देख छात्र-छात्राएं रोमांचित



**कटनी,यशभारत।** देश की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं उन्नयन की दिशा में क्रियाशील संस्था इन्टैक भारतीय सांस्कृतिक निधि चेप्टर द्वारा 19 से 25 नवम्बर तक मनाये जा रहे विश्व धरोहर सप्ताह के तारतम्य में शिकागो पब्लिक स्कूल के 250 छात्र-छात्राओं को 19 से 23 नवम्बर तक झिंझरी वन विभाग परिसर स्थित चितरंजन शैल पार्क का भ्रमण कराया गया। गत 23 नवम्बर को ग्लोरी मॉर्निंग स्कूल अमाडी के 12 छात्र-छात्राएँ भी अपनी शिक्षिका सुश्री नीतू पटेल के नेतृत्व में शैल पार्क भ्रमण को पहुँचे । जिन्हे इन्टैक कन्वीनर मोहन नागवानी को कन्वीनर राजेन्द्र सिंह ठाकुर तथा केएल कनकने द्वारा शैल चित्रों के इतिहास एवं महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि झिंझरी स्थित पहाडी क्षेत्र में छतरीदार छज्जेदार चट्टानों की एक लम्बी श्रंखला है जिनका आकर्षक स्वरुप सामान्य चट्टानों से सर्वथा अलग प्रतीत होता है । जिनमें हजारों साल पूर्व मानव द्वारा बनाए गए सैकड़ों चित्र अंकित हैं । जिनमें उस समय के मानव जीवन के परिवेश के दृश्य अंकित हैं । प्रागैतिहासिक काल में जब मनुष्य ने अपने आवास के लिए आवास का अविष्कार नहीं किया था ए उस समय मानव इन चट्टानों की आड़ में आश्रय लेता था । ये छतरीदार चट्टाने उसे धूप ए वर्षा तथा ठंडी एवं गर्म हवाओं से बचाती थीं । आते जाते राहगीर भी समय समय पर यहां आश्रय लेते थे । जिससे ये चट्टानें शैलाश्रय कही जाती हैं। मानव प्राकृतिक रंगों से इन चट्टानों में अपने परिवेश को भी चित्रित कर देता था। उक्त शैलाश्रयों को सर्वप्रथम वर्ष 1958 में श्री वाकणकर जी ने खोजा था । तत्पश्चात वर्ष 1977-78 में एएसआई की प्रागैतिहासिक शाखा की टीम द्वारा इस स्थल की शैल कला का अध्ययन किया गया था। जिसमें यहां विंध्य बलुआ पत्थर की चौबीस चित्रित शैलाश्रय की श्रंखला पाई गई थी। इन शैलाश्रयों में जंगली और घरेलू जानवरों सहित शिकार, नृत्य और युद्ध मुद्रा के दृश्य चित्रित हैं। इसके अलावा हथेलियों की छाप, ज्यातिमीय डिजाइन, पुष्प अलंकरण ए और अनुष्ठानों के प्रतीकात्मक चित्र भी हैं । जिन्हें सफेद, हल्के पीले, गेरुआ, क्रोम, नारंगी, गहरे लाल एवं नीबू जैसे रंगों से रंगा गया है। चितरंज पार्क के मनोरम ऐतिहासिक स्थल में पहुंच अपनी विरासत से रुबरु होकर छात्र छात्राएँ बेहद आनंदित और रोमांचित हुए। गत 23 नवम्बर को पहुँचे भ्रमण दल ने स्थल से वापसी के पूर्व वन विभाग के डीएफओ राजीव शर्मा, एसडीओ फॉरेस्ट राहुल मिश्रा, रेंज ऑफिसर एलपी चौधरी से सौजन्य भेंट भी की। इस अवसर पर राजीव शर्मा द्वारा बच्चों का स्वागत करते हुए शैल चित्रों के बारे में कुछ विशिष्ट जानकारियां प्रदान की गई तथा अपनी विरासत के संरक्षण के प्रति उन्हे सजग रहने को प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा भी शैल पार्क को और व्यवस्थित करने का आग्रह करते हुए उनके प्रति घन्यवाद ज्ञपित किया गया भ्रमण में शिकागो शाला के कृष्ण कुमार सिंह एवं रानी खरे का विशेष सहयोग रहा।

## फर्स्ट स्टेप अकैडमी में राजस्थानी लोकगीत व नृत्य का मंचन



**कटनी,यशभारत।** फर्स्ट स्टेप अकैडमी संत नगर में स्पीक मैके के तत्वाधान में राजस्थान से आए अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा राजस्थानी लोकगीत व नृत्य का मंचन किया गया। मुंगर खान खान के समूह द्वारा जो प्रस्तुतियां दी गई। उन्हें देखकर बच्चे उत्साहित हुए। कार्यक्रम का संचालन राहुल नाहर द्वारा किया गया। शाला की प्राचार्य श्रीमती नीतू लालवानी एवं श्रीमती सरोज मिश्रा द्वारा कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# किसानों को खरीदी केन्द्रों मे नहीं होगी परेशानी

## किसान संगठनों को दी गई उपार्जन कार्य की तैयारियों की विस्तृत जानकारी

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किसान संगठनों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्यों की व्यवस्थाओं और तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि खरीफ विपणन मौसम 2022-23 के लिए औसत अच्छी गुणवत्ता के धान का समर्थन मूल्य कॉमन धान के लिए 2040 रुपये प्रति क्विंटल तथा धान 'ए' ग्रेड 2060 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों से उपार्जित की जाएगी। बैठक में बताया गया कि धान उपार्जन 28 नवंबर से शुरू होकर 16 जनवरी 2023 तक होगा। कृषकों से उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिन सोमवार से शुक्रवार तक किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर अवि प्रसाद ने किसानों से आग्रह किया है कि धान उपार्जन के बाद किसानों को राशि का भुगतान पी.एफएम.एस. के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में ही किया जाना है। इसलिए धान उपार्जन हेतु सभी पंजीकृत किसानों से व्यक्तिगत संपर्क करके बैंक अकाउंट में आधार सीडिंग की कार्यवाही करने किसान संगठन किसानों को प्रेरित करें। कलेक्टर श्री प्रसाद ने किसान संगठनों को बताया है, कि उपार्जन केन्द्रों सभी आवश्यक तैयारियां करा ली गई है, जिससे उपार्जन केन्द्रों मे किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी।



कलेक्टर की किसान संगठनों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक

### 22 एसएचजी करेंगें खरीदी

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि इस साल समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य में 22 महिला स्व-सहायता समूहों को शामिल किया गया है। महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस वर्ष, पिछले साल की तुलना मे दोगुने स्व-सहायता समूहों को भागीदार बनाया गया है। पिछले साल उपार्जन कार्य मे जहां केवल 11 महिला स्व-सहायता समूहों की भागीदारी थी, वहीं इस साल 22 स्व-सहायता समूहों द्वारा उपार्जन कार्य किया जाएगा।

### एफपीओ करेगी खरीदी

बैठक मे किसानों को जानकारी दी गई कि जिले के उपार्जन इतिहास मे पहली बार स्लीमनाबाद के फार्मर्स प्रोड्यूसर आर्गनाइजेशन लक्ष्य फार्मर्स एग्रीटेक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को उपार्जन कार्य की जबाबदारी सौंपी जा रही है।

### गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्र बढ़े

किसानों को फसल विक्रय के बाद भुगतान मे होने वाले विलम्ब से निजात दिलाने इस साल 50 गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। जबकि बीते साल इन केन्द्रों की संख्या केवल 23 थी।

### त्वरित भंडारण में होगी सुविधा

गोदाम स्तरीय उपार्जन केंद्र में त्वरित भंडारण की सुविधा होने से असमय होने वाली बारिश आदि से उपज के नुकसान होने की संभावना अत्यंत कम रहती है। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में गत वर्ष की तुलना में इस साल 5 हजार किसानों की संख्या में कमी हुई है, साथ ही करीब 6 हजार हेक्टेयर पंजीकृत रकवे मे भी कमी होने की वजह से इस साल, पिछले वर्ष की तुलना में कम खरीदी केंद्र बनाए जा रहे हैं।

### नजदीकी केंद्रों में समाहित

राज्य शासन द्वारा घोषित उपार्जन नीति के प्रावधानों के तहत इस वर्ष जिले में अत्यधिक नजदीक तथा पिछले साल 3 हजार मीट्रिक टन से कम उपार्जन करने वाले केंद्रों को नजदीकी उपार्जन केंद्रों में संबद्ध करने का निर्णय जिला उपार्जन समिति द्वारा लिया गया है। साथ ही 48 उपार्जन केंद्रों की स्थापना के बाद शेष चिन्हांकित उपार्जन स्थलों के लिए पात्र संस्थाओं के चयन की कार्यवाही प्रचलन मे है।

### तहसील क्षेत्र मे करा सकेंगें स्लॉट बुक

किसान अपनी स्लॉट बुकिंग तहसील के अंदर किसी भी उपार्जन केन्द्र मे कर सकेगें। कृषक द्वारा विक्रय की जाने वाली संपूर्ण उपज की स्लॉट बुकिंग एक समय मे ही करनी होगी। लेकिन आंशिक स्लॉट बुकिंग एवं आंशिक विक्रय नहीं किया जा सकेगा। लेकिन कृषक द्वारा निर्धारित उपार्जन केन्द्र पर स्लॉट बुकिंग करने के उपरांत अन्य केन्द्र पर कृषक पंजीयन परिवर्तन व स्थानांतरण की सुविधा नहीं होगी। बैठक में उप संचालक कृषि ए.के.राठौर, जिला आपूर्ति अधिकारी बालेंद्र शुक्ला, किसान संगठन से कन्हैया तिवारी अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा एवं सत्येंद्र सिंह भदौरिया अध्यक्ष जिला किसान संघ, बीएल निगम अध्यक्ष भारतीय किसान संघ, भाजपा किसान मोर्चा के श्रीराम पटेल, राजू यादव, ज्ञानचंद्र चौरसिया, पारस पटेल, जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी सहित किसान प्रतिनिधि व पदाधिकारी मौजूद रहे।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/- |
| 3 दिन | – | 250/- |
| 7 दिन | – | 500/- |
| 15 दिन | – | 1200/- |
| 30 दिन | – | 1800/- |

साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः– 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# कबड्डी के उन्नयन में जबलपुर का अहम योगदान-प्रहलाद सिंह पटेल

**जबलपुर यशभारत। भारतीय परंपरागत खेलों में जहां कबड्डी प्रमुख है वही कबड्डी के उन्नयन में जबलपुर के योगदान को भी विस्मृत नहीं किया जा सकता। यहां के खिलाड़ियों प्रशिक्षकों एवं निर्णयको ने अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर अहम भूमिका निभाई है। मैं भी कबड्डी खेल का प्रशंसक हूं। इस खेल में जहां शारीरिक विकास होता है वहीं मस्तिष्क में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित होती है।**

यह बात केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने महाविद्यालय परिसर में पश्चिम क्षेत्र अंतर्गत विश्वविद्यालय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। श्री पटेल ने प्रतियोगिता का शुभारंभ हनुमान जी महाराज के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्कृत विभाग अध्यक्ष डॉ. गंगाधर त्रिपाठी ने स्वास्ति वाचन किया। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के महाविद्यालय आगमन पर शासी निकाय अध्यक्ष श्री शरदचंद पालन, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी एवं प्रतियोगिता संयोजक डॉ शक्ति सिंह मण्डलोई ने श्री प्रहलाद पटेल जी का स्वागत पुष्पहार एवं मोतियों की माला से किया। विशिष्ट



**श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में अंतर वि.वि. कबड्डी (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ**

अतिथि के रूप में प्रो आर. के. यादव, रा.दु.वि.वि., श्री संतोष दुबे, पार्षद कस्तूरबा गांधी वार्ड उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के तत्वावधान में पश्चिम क्षेत्र अंतरविश्वविद्यालय प्रतियोगिता में 05 राज्यों के 102 विश्वविद्यालय शामिल हो रहे है। इस प्रतियोगिता के पूल सी एवं डी के मैच श्रीजानकीरमण महाविद्यालय परिसर में आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें 50 विश?वविद्यालय के मैच श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में खेले जा रहे हैं।

द्वितीय सत्र के खेल गए मैचो में कार्यक्रम की अध्यक्षता शरदचंद पालन ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में जबलपुर महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू में उपस्थित रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में जबलपुर को खेलधानी बनाने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया एवं खिलाड़ियों से उनका परिचय प्राप्त कर दोनों टीमों के मध्य टॉस कराकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. बृजेश सिंह, कुलसचिव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, डॉ विशाल बन्ने, आयोजन सचिव उपस्थित रहे। आज पूल डी के खेले गए मैचों में इंदौर ने गोवा को 64-38, गुजरात ने कच्छ को 45-34 से, अजमेर ने चित्तौड़गढ़ को 30-22 से हराया, अहमदाबाद सूरत और सुरेंद्र नगर टीम के नहीं पहुंचने पर प्रतिद्वंदी टीम कच्छ, गुजरात और झुंझुनू को वॉकओवर मिला। पूल सी के मैचों में जोधपुर ने आणंद को 57-14 से, गुजरात ने मेहसाणा को 42-33 से, जलगांव ने मुंबई को 64-18 से, कोल्हापुर ने पी.डी.यू. शिखर को 48-24 से हराकर अगले चरण में प्रवेश लिया। संपूर्ण प्रतियोगिता का संचालन डॉ. आनंद सिंह राणा ने किया। आज हुए मैचों के संचालन में क्रीड़ाधिकारी डॉ. रमेश शुक्ला, डॉ. कमलेश दुबे, डॉ. अवधेश दुबे, डॉ. जुगल किशोर मेवारी, डॉ. विजेन्द्र यादव, डॉ. विशाल यादव, डॉ. विवेक चौबे, डॉ. संजय कुमार, डॉ. अल्का तिवारी, डॉ. रोहिला पिल्ले ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायक जे.सी शर्मा, प्रकाश यादव शानू, पतिराज सिंह बघेल, पुष्पेंद्र पांडे, सुनील ठाकुर अशोक पांडे, रविंद्र पांडे, जयेश परिहार, गुलबहार खान, बृजेश बावरा, पुष्पा रघुवंशी एवं परमूलाल यादव रहे।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय के डॉ. अंजली शुक्ला, प्रशांत पाठक, तरुण मिश्रा, श्रीमती अनामिका सिंह, श्रीमती राधा झारिया, श्रीमती नीना चौबे, मीनाक्षी लोधी, मुकेश श्रीवास्तव, चंद्रकुमार चौबे, मनोज चौरसिया, हेमंत सोंधिया, प्रियंका यादव, काजल मानेक, डेनियल पटेल, राखी बाजपेई, संजय पांडे, गोपाल रैकवार, भूपेंद्र अहिरवार के साथ बडी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थित रही।



# जीते मैच में ब्राजील को मिला सबसे बड़ा दर्द
# स्टार स्ट्राइकर नेमार हुए चोटिल



**लुसैल (कतर), एजेंसी।** ब्राजील ने फीफा विश्व कप में सर्बिया के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ अपने अभियान को शुरू किया लेकिन इस मुकाबले में उसके स्टार स्ट्राइकर नेमार चोटिल हो गए। ब्राजील के लिए ये दोनों गोल रिचर्लिसन ने किये। उन्होंने मैच के 62वें मिनट में विनीसियस जूनियर के बनाए मौके पर टीम का खाता खोला और इसके 11 मिनट के बाद शानदार एक्रोबेटिक किक लगाकर टीम की बढ़त को दोगुना किया। टोटेनहम के इस स्ट्राइकर को मैच के बाद नेमार की चोट के बारे में पता चला। उन्होंने कहा, च्ज्हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अगले मैच के लिए वह शत प्रतिशत फिट हो। मैं होटल पहुंचकर देखूंगा कि वह कैसा है।ज्ज ब्राजील टीम के चिकित्सक रोड्रिगो लैसमर ने कहा कि नेमार के दाहिने टखने में मोच आ गई है। उन्होंने हालांकि इस बारे में कुछ नहीं बताया कि वह सोमवार को स्विट्जरलैंड के खिलाफ टीम के अगले मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे या नहीं। उन्होंने कहा, च्ज डगआउट में बेंच पर और फिर फिजियोथेरेपी के दौरान हमने उसके दर्द वाले हिस्से पर बर्फ का इस्तेमाल किया है। अभी चोट की गंभीरता के बारे में पता नहीं है। वह निगरानी में रहेगा। च्ज नेमार 2014 विश्व कप में भी चोटिल हुए थे। ब्राजील में खेले गए इस विश्व कप में कोलंबिया के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में पीठ की चोट दर्द के कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। इसके बाद ब्राजील को सेमीफाइनल में जर्मनी ने 7-1 से हराया था। नेमार ने सर्बिया के खिलाफ मैच में नौ बार फाउल किया गया था, जो इस साल के विश्व कप में अब तक के किसी भी खिलाड़ी से चार ज्यादा है। नेमार पर ज्यादा ध्यान देने के कारण सर्बिया की रक्षापंक्ति रिचर्लिसन को नहीं रोक सकी। ब्राजील की टीम ने मैच के पहले हाफ में भी कई मौके बनाए लेकिन टीम को सफलता नहीं मिली। नेमार ने 62वें मिनट में विरोधी टीम की रक्षापंक्ति को छकते हुए गेंद विनीसियस को दिया जिन्होंने इसे रिचर्लिसन की ओर बढ़ा दिया और अपना पहला विश्व कप खेल रहे इस खिलाड़ी ने गोलकीपर को चकमा देने में कोई गलती नहीं की। रिचर्लिसन ने कहा, च्ज्मेरा बचपन का सपना पूरा हो गया। हमें पता था कि उनसे पार पाना मुश्किल होगा। मैं इंग्लैंड में इस तरह की रक्षात्मक टीमों के खिलाफ खेलने का आदी हूं। मैं उन मौकों का फायदा उठाना चाहता था जो मेरे पास थे और मैंने ऐसा ही किया।ज्ज्नेमार को मैच में कई बार मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा और दूसरे हाफ में उनके दाहिने टखने में मोच आ गई। मैच के 79वें मिनट में स्थानापन्न के बाद वह बेंच पर रोते हुए देखे गए। इसके बाद वह लंगड़ाते हुए स्टेडियम से बाहर निकले। ब्राजील के कोच टिटे ने मैच के लिए आक्रमण रुख अपनाते हुए चार फारवर्ड खिलाड़ियों के साथ शुरुआत की। इसमें नेमार, विनीसियस और रिचर्लिसन के साथ राफिन्हा शामिल थे। सर्बिया के खिलाड़ी शुरुआत में हालांकि ब्राजील ज्यादा मौके नहीं बनाने दे रहे थे। नेमार ने खेल की गति को नियंत्रित करने की कोशिश की लेकिन वह लगातार सर्बिया के खिलाड़ियों से घिरे रहे। इस दौरान उन्होंने, विनीसियस और रफिन्हा ने पहले हाफ में ही गोल करने के कुछ मौके गंवा दिए। मैच के 60वें मिनट में ब्राजील की टीम ने बढ़त लेने का मौका उस समय गंवा दिया जब एलेक्स सैंड्रो के पैर से निकली गेंद गोलकीपर को छकाने के बाद पोस्ट से टकरा गयी। इससे पहले नेमार ने 50वें मिनट में फ्री किक और 55वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के निकट से गोल करने का मौका गंवा दिया। मैच के दौरान सर्बिया के कई खिलाड़ी भी चोटिल हुए। सर्बिया के कोच ड्रेगन स्टेनकोविक ने कहा, हमारे पास तीन प्रमुख खिलाड़ी चोटिल हुए है।



# फुटबॉलर है या जिम्नास्ट... हवा में गुलाटी लगाते हुए दागा गोल, वीडियो देख मेसी-रोनाल्डो को भूल जाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी। ब्राजील ने कतर में 2022 विश्व कप के अपने शुरुआती मैच में कड़ी प्रतिद्वंद्वी सर्बिया को 2-0 से हराया और इस मैच के हीरो रहे रिचर्लिसन। दुनियाभर के फुटबॉल प्रेमियों की निगाहें टीम के स्टार स्ट्राइकर नेमार जूनियर पर टिकी हुई थीं, लेकिन टोटेनहम हॉटस्पर फॉरवर्ड रिचर्लिसन ने करिश्माई दो गोल दागते हुए पूरा माहौल लूट लिया। उनका एक गोल तो ऐसा था कि लोग सोशल मीडिया में अब तक का बेस्ट गोल बता रहे हैं।**

### रिबाउंड करके लगाया ओवरहेड किक, हवा में थे दोनों पैर

मैच के 73वें मिनट में रिचर्लिसन ने गेंद को रिबाउंड करके ऊपर उछाला और फिर हवा में गुलाटी लगाते हुए दाएं पैर से किक करते हुए गोलकीपर के बगल से गोल दाग दिया। यह सब इतनी जल्दी हुआ कि सर्बियाई गोलकीपर वंजा मिलिंकोविक-साविक को कुछ समझ ही नहीं आया। वीडियो में आप खुद भी देख सकते हैं कि जब तक सर्बिया के गोलकीपर और प्लेयर्स को समझ आता गेंद जाल में उलझ चुकी थी। गोलकीपर ने हवा में छलांग जरूर लगाई, लेकिन गेंद उनके पहुंच से दूर थी। इसके बाद ब्राजीली टीम के खिलाड़ियों का जश्न देखते बन रहा था।

### गजब के गोल से छाया खिलाड़ी

9 नंबर की जर्सी पहने इस खिलाड़ी के ओवरहेड किक का वीडियो वायरल हो रहा है। यह रिचर्लिसन का दूसरा गोल था, जिसने विनीसियस के एक शॉट पर रिबाउंड से गोल करके ब्राजील को बढ़त दिला दी। रिकॉर्ड पांच बार के विजेताओं ने पहले हाफ खूब मेहनत की, लेकिन गोल नहीं लग सका। इसके बाद दूसरे हाफ में रिचर्लिसन ने 62वें मिनट में पहला गोल दागते हुए टीम को बढ़त दिलाई। दूसरी ओर, सर्बिया के खिलाड़ी ब्राजील के डिफेंस को एक भी मात नहीं दे पाए। हालांकि, नेमार को टखने में चोट आ गई है। ब्राजील की टीम के डॉक्टर ने कहा कि अगले 48 घंटों में इसका आकलन किया जाएगा। बता दें कि नेमार टीम के सबसे अहम खिलाड़ी हैं। अगर उनकी चोट गंभीर होती है तो टीम को भारी नुकसान होगा। यह मुकाबला लुसैल स्टेडियम में खेला जाएगा।





# भलाई का जमाना नहीं...गिरने वाली थीं दीपिका शख्स ने बचाया, पर उसी को आंख तरेरने लगीं!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक कहावत बहुत मशहूर है- भलाई का जमाना नहीं रहा। ये कहावत इन दिनों टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ के लिए खूब बोली जा रही है, क्योंकि उन्होंने काम ही कुछ ऐसा किया है। दीपिका हाल ही में एक इवेंट में शामिल हुई थीं, जहां उनके पैर लड़खड़ा गए और वो बस गिरने ही वाली थीं। तभी उनके पास खड़े शख्स ने उन्हें पकड़ लिया और गिरने से बचा लिया। उस शख्स को थैंक्यू कहने की बजाय दीपिका उसे आंख दिखाने लगीं। अब ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग इस पर रिएक्ट कर रहे हैं और कह रहे हैं कि च्अब भलाई का जमाना नहीं रहा! दीपिका कक्कड़ हाल ही में दादा साहब फाल्के आइकॉन अवॉर्ड्स में शामिल हुई थीं। उन्होंने पति शोएब इब्राहिम के साथ इस इवेंट में शिरकत की थी। ब्लैक कलर के जोड़े में इस कपल की जोड़ी बहुत अच्छी दिख रही थी। जब दीपिका इवेंट से वापस लौटने लगीं तो उनके साथ ये हादसा हो गया।

### लड़खड़ाईं दीपिका कक्कड़

दीपिका चलते-चलते अचानक लड़खड़ा गईं। वो गिरने ही वाली थीं। तभी उनके साथ चल रहे शख्स ने उन्हें थाम लिया। यहां पर दीपिका को उस शख्स को थैंक्यू बोलना चाहिए था, लेकिन एक्ट्रेस का रिएक्शन देख लोग भी दंग है। दीपिका उसका आभार व्यक्त करने की बजाय उसे ही आंख दिखाने लगीं। दीपिका का ये वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया। लोग इस पर अलग-अलग रिएक्शन दे रहे हैं। एक ने लिखा, च्व्लॉग में इतनी अच्छी बनने की कोशिश करती हो और रियल लाइफ में जो हेल्प करना है, उनको ही आंख दिखाते हो। वाह क्या एटिट्यूड है मैडम... सेम अंदाज व्लॉग में भी रखती तो मजा आता। दूसरे ने लिखा, च्ये इसका रियल फेस है.. ।

### ननद सबा की शादी में थीं बिजी

दीपिका कुछ दिनों पहले अपनी ननद सबा इब्राहिम की शादी को लेकर सुर्खियों में थीं। उन्होंने दुल्हन के सारे आउटफिट्स डिजाइन किए थे। उन्होंने फैमिली के भी कपड़े तैयार किए थे। हालांकि, इस वजह से दीपिका को काफी सुनना भी पड़ा था, क्योंकि लोगों को सबा का लुक पसंद नहीं आया था।

# वाह रोनाल्डो... इतिहास रच दिया, 5 वर्ल्ड कप में गोल मारने वाले दुनिया के पहले आदमी



**कतर,एजेंसी।** बीते दो हफ्ते से सुर्खियों में बने रहने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो एकबार फिर खबरों में आ चुके हैं। फीफा वर्ल्ड कप में घाना के खिलाफ गुरुवार रात उन्होंने इतिहास रच दिया। ग्रुप ॥ के पहले मुकाबले में पुर्तगाल के कप्तान रोनाल्डो ने 65वें मिनट में पहला गोल मारा, इसी के साथ वह पांच अलग-अलग वर्ल्ड कप (2006, 2010, 2014, 2018, 2022) में स्कोर करने वाले दुनिया के पहले पुरुष फुटबॉलर बन गए हैं। अपने इस कमाल के साथ रोनाल्डो ने ब्राजील के पेले, जर्मनी के यूवे सीलर और मिरास्लोव क्लोज को पछाड़ दिया, जिन्होंने चार वर्ल्ड कप में गोल मारे हैं। 37 साल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने इंटरनेशनल गोल की संख्या 118 कर दी है। घाना के खिलाफ 3-2 की जीत में उन्होंने वर्ल्ड कप करियर का आठवां गोल दागा। मैनचेस्टर यूनाईटेड से अजीबोगरीब विदाई के बाद काफी विवाद हुआ था। दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुआई में पुर्तगाल ने 15 मिनट में दागे तीन गोल की बदौलत फीफा विश्व कप के ग्रुप एच मैच में गुरुवार को यहां धीमी शुरुआत से उबरते हुए घाना को 3-2 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। स्टेडियम 974 में दुनिया की नौवें नंबर की टीम को कप्तान रोनाल्डो ने 65वें मिनट में बढ़त दिलाई जिसके बाद जाओ फेलिक्स (78वें मिनट) और राफेल लियाओ (80वें मिनट) ने भी पुर्तगाल की ओर से गोल दागे। घाना की ओर से कप्तान आंद्रे आयेव (73वें मिनट) और उस्मान बुखारी (89वें मिनट) ने गोल किए।दुनिया की 61वें नंबर की टीम घाना के खिलाफ पुर्तगाल की जीत का अंतर और अधिक हो सकता था, लेकिन मैच के शुरुआती एक घंटे में अधिकांश समय रोनाल्डो, बर्नांडो सिल्वा और ब्रूनो फर्नांडिस की तिकड़ी ने निराश किया। पुर्तगाल ने मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले 10 मिनट में कुछ अच्छे मूव बनाए, लेकिन उसके फारवर्ड घाना की रक्षापंक्ति को भेदने में नाकाम रहे।

## 'गलवान' पर टिप्पणी

# अभिनेत्री रिचा चड्ढा ने मांगी माफी



मुंबई, ईएमएस। गलवान घाटी में 2020 में हुए संघर्ष का अपने ट्वीट में जिक्र कर विवाद खड़ा करने वालीं अभिनेत्री रिचा चड्ढा ने बृहस्पतिवार को माफी मांगी। रिचा ने वह ट्वीट भी हटा दिया। इस ट्वीट में उन्होंने सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी के बयान पर जवाब दिया था। सैन्य अधिकारी ने कहा था कि भारतीय सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर पुन- नियंत्रण के लिए सरकार के आदेश का इंतजार कर रही है। इस पर प्रतिक्रिया में रिचा ने लिखा था, 'गलवान हाय कह रहा है।ज्इसके बाद अनेक लोगों ने ट्विटर पर अभिनेत्री को आड़े हाथ लिया और उन पर भारतीय सैनिकों की शहादत का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया। बाद में रिचा चड्ढा ने कहा कि वह भारतीय सेना की भावनाओं को आहत नहीं करना चाहती थीं। उन्होंने कहा, 'यह मेरी मंशा बिल्कुल नहीं थी, फिर भी जिन तीन शब्दों पर विवाद खड़ा किया जा रहा है, उनसे किसी को चोट पहुंची हो तो मैं खेद जताती हूं और यह भी कहती हूं कि यदि मेरे शब्दों से बिना इरादे के भी फौज में मेरे भाइयों के अंदर ऐसी कोई भावना आई हो तो मुझे दुख है। मेरे नानाजी भी सेना में थे।

# मणिपुरम गोल्ड लोन बैंक में दिनदहाड़े डकैती

## कट्टे की नोंक पर 15 किलो सोना लूटकर ले गए अज्ञात बदमाश, बरगवां में सनसनीखेज वारदात से हड़कम्प




कटनी, यशभारत। बरगवां स्थित मणिपुरम गोल्डलोन बैंक में आज सुबह 10.30 बजे अज्ञात बदमाशों ने कट्टे की नोंक पर डकैती की वारदात को अंजाम दिया। चेहरे पर नकाब डालकर बैंक के अंदर पहुंचे बदमाशों ने करीब 15-16 किलो सोना लूट लिया व 3 लाख कैश भी ले गये और एक बैंक कर्मचारी की बाइक लेकर फरार हो गए। सुबह-सुबह हुई इस घटना से पूरे शहर में हड़कम्प मच गया। बैंक के अधिकारी और कर्मचारी कुछ समझ पाते, इसके पहले ही बदमाश अपने मंसूबों पर कामयाब होकर भागने में सफल हो गए। वारदात के बाद पुलिस को खबर की गई। खबर मिलते ही पुलिस तत्काल एक्टिव हुई और शहर से बाहर जाने वाले रास्ते पर नाकेबंदी शुरू कर दी। उधर दूसरी तरफ वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सीसीटीव्ही फुटेज भी खंगाली जा रही है, हालांकि पुलिस को वारदात के संबंध में अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। इसके अलावा बैंक के स्टाफ से भी पूछताछ की जा रही है। अज्ञात बदमाशों के हुलिए और बातचीत को लेकर भी जानकारी एकत्र की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से रैकी करते हुए इस वारदात को अंजाम दिया है।

### सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसपी, सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही पुलिस, शहर से बाहर जाने वाले मार्गों पर नाकेबंदी

जानकारी के मुताबिक रंगनाथनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरगवां क्षेत्र स्थित मणिपुरम गोल्ड लोन बैंक में रोजाना की तरह आज शनिवार की सुबह कामकाज शुरू ही हुआ था कि अचानक 4 ये 5 अज्ञात बदमाश बैंक के अंदर पहुंचे और कट्टा निकाल लिया। बदमाशों ने बिल्कुल फिल्मी स्टाईल में बैंक स्टाफ और अन्य लोगों को कट्टे की नोंक पर डराया-धमकाया और इसके बाद बैंक के अंदर काउंटर पर रखा सोना उठाकर एक बैग में रखा और फरार हो गए। बैंक स्टाफ के साथ ही अन्य लोग भी कुछ समझ पाते और पुलिस को इस घटना की खबर दे पाते, इसके पहले यह पूरा घटनाक्रम हो गया।

### हाईवे एवं नाकों पर चैकिंग के साथ ही आसपास के जिलों को दी गई वारदात की सूचना

बताया जाता है कि डकैती की वारदात के बाद पूरे जिले की पुलिस को एक्टिव कर दिया गया है। हाईवे के साथ ही शहर से बाहर जाने वाले मार्गों पर नाकेबंदी की गई है। जिले के सभी थानों की पुलिस को अलर्ट करने के साथ ही आसपास के कई जिलों को वारदात की सूचना देते हुए अज्ञात बदमाशों के हुलिए की जानकारी दी गई है। बताया जाता है कि अज्ञात बदमाश जिस कर्मचारी की बाइक लेकर गए हैं, उस बाइक नंबर के आधार पर भी जांच की जा रही है।

### 10.30 बजे बैंक खुला, 15 से 20 मिनट में हो गई डकैती की घटना

जानकारी के मुताबिक बैंक सुबह 10.30 बजे खुला था और इसी दौरान 5 अज्ञात बदमाश बैंक के अंदर घुसे और 15 से 20 मिनट के अंदर डकैती की वारदात को अंजाम दिया। बताया जाता है कि वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश जाते-जाते एक कर्मचारी की बाइक भी लेकर चले गए। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर नाकों पर जांच कर रही है।

### एसपी ने मौके पर पहुंचकर दिए आवश्यक निर्देश



बरगवां में आज सुबह मणिपुरम गोल्ड लोन बैंक में डकैती की वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन तत्काल मौके पर पहुंचे। एसपी ने बैंक के अंदर पहुंचकर बैंक स्टाफ से पूछताछ भी की और मातहत अमले को वारदात की पतासाजी के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर शहर के थानों के प्रभारी सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

# दो महीने बाद पकड़े गए लूट के आरोपी

### बरही में सराफा कारोबारी के साथ दिन दहाड़े हुई थी लूट की वारदात

**कटनी/बरही, यशभारत।** बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत सराफा बाजार में विगत 27 सितंबर को अज्ञात बदमाश सराफा कारोबारी का बैग लूटकर भाग गए थे। दो महीने से लगातार पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई थी। इस मामले में एसपी सुनील कुमार जैन ने लगातार कार्रवाई के निर्देश दिए। मुखबिरों की सूचना पर बरही पुलिस को सफलता मिली है। इस मामले में एक अंर्तराज्यीय चोर गिरोह को पकड़ा है। गिरोह के तीन आरोपी पकड़े गए हैं। जानकारी के अनुसार गिरधर कुमार, सोनू यादव व अनुज यादव बलंगीर उड़ीसा से दबोचे गए हैं। आरोपियों ने बरही में वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। तीनों बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। अनुज यादव बलंगीर उड़ीसा को न्यायालय से रिमांड पर लिया गया है। मुख्य आरोपी की तलाश में पुलिस टीम के साथ गंजाम थाना असका उड़ीसा में पकड़ने के लिए भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि ये बदमाश घुमक्कड़ प्रजाति के हैं जो यहां-वहां ठहरते हुए चोरी करते चलते हैं। गौरतलब है कि बरही नगर में 26 सितंबर को बरही के सराफा कारोबारी श्रीकांत सोनी सुबह लगभग साढ़े 11 बजे दुकान खोल रहे थे, इसी दौरान सराफा कारोबारी का बैग छीनकर बदमाश भाग गए थे। राजा ने पुलिस को बताया था कि बैग में लगभग 10 लाख रुपए कीमती जेवरात रखे हुए थे। दुकान का पूरा बही खाता भी रखा था। दिनदहाड़े बैग ले जाने की वारदात में व्यापारियों में दहशत व आक्रोश भी भड़का था। इस मामले में दो महीने से पुलिस के हाथ खाली था। इसी बीच मुखिबरों की सूचना पर पुलिस ने इस वारदात का पर्दाफाश कर दिया।

**मुखबिरों की सूचना पर पुलिस को मिली सफलता**



### जनरल परेड में सलामी लेकर एसपी ने पुलिस कर्मियों को बताया - कैसे निपटें दंगाईयों से

# पुलिस लाइन में दंगाईयों पर छोड़ी अश्रु गैस



**कटनी, यशभारत।** पुलिस लाइन स्थित रक्षित केंद्र में शुक्रवार को पुलिस विभाग में एकता व अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से जनरल परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने परेड की सलामी ली। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक लवली सोनी व सहायक परेड कमांडर अंजू लकड़ा रही। जनरल परेड के पश्चात जवानों द्वारा कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया जिसे पुलिस की शब्दावली में बलवा ड्रिल भी कहा जाता है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन द्वारा विपरीत परिस्थितियों में उग्र हो रहे प्रदर्शनकारियों एवं दंगाईयों से कैसे निपटें और शांति व्यवस्था कैसे नियंत्रित करें, इस संबंध में अपने मातहतों को विस्तारपूर्वक समझाया। बलवा ड्रिल में वास्तविकता लाने एसडीओपी स्लीमनाबाद मोनिका तिवारी के निर्देशन पर रक्षित निरीक्षक लवली सोनी द्वारा पुलिसकर्मियों की दो पार्टियां बनाई गई। एक पार्टी को प्रदर्शनकारी, दंगाई बनाया गया था तथा एक पुलिस पार्टी में मजिस्ट्रेट, डॉक्टर, पुलिस, आर्म्स पार्टी, लाठी पार्टी, आश्रू गैस सहित अलग-अलग पार्टियां बनाई गई थी। जब प्रदर्शनकारी, दंगाई द्वारा उग्र होकर कानूनों का उल्लंघन करने लगे, तब पुलिस पार्टी ने बज्र वाहन से आश्रू गैस सेल इलेक्ट्रिक छोड़ी व अन्य दंगा नियंत्रण उपकरण एवं शस्त्रों का प्रयोग प्रदर्शनकारी, दंगाईयों को नियंत्रित किया गया। इस दौरान प्रद्रर्शनकारीध्दंगाईयों के हमले से घायल पुलिसकर्मियों के बचाव का अभ्यास पुलिस कर्मियों द्वारा किया गया।



# जंगलों में करंट लगाकर किया जा रहा था चीतल का शिकार

### मुखबिरों की सूचना पर वन विभाग की दबिश, 3 आरोपी गिरफ्तार, शिकार में प्रयुक्त सामग्री जब्त, बड़वारा की घटना

**कटनी, यशभारत।** जिले के जंगली क्षेत्रों में वन्य प्राणियों के शिकार की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। वन विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता का फायदा शिकारी उठा रहे हैं। जंगलों में करंट फैलाकर एवं जाल बिछाकर वन्यप्राणियों का शिकार किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां वन विभाग ने शिकार के पहले दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि बड़वारा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पथवारी के जंगल में करंट फैलाकर चीतल और जंगली शूकर का शिकार कियाा जा रहा था। मुखबिरों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने शुक्रवार की शाम दबिश दी और 3 शिकारियों को दबोचा। जंगल से शिकार में प्रयुक्त बड़ी मात्रा में सामग्री जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार बड़वारा वन परिक्षेत्र अंतर्गत पथवारी बीट के कक्ष क्रमांक 468 वनक्षेत्र व राजस्व क्षेत्र में खूंटी गड़ाकर विद्युत लाइन से करंट फैलाकर शिकारी शिकार करने में जुटे थे। शिकारी चीतल और शूकर का शिकार कर रहे थे। खूंटियों के सहारे आधा किलोमीटर की रेंज में करंट फैलाकर रखे हुए थे। शिकारियों ने शिकार के लिए खूंटियाएं शीशीए जीआइ वायर के सहारे करंट फैलाया था। धारदार हथियार कुल्हाड़ीए चाकू लेकर शिकार में जुटे थे। मुखबिर की सूचना पर वन मंडल अधिकारी गौरव शर्मा, एसडीओ राहुल मिश्रा के निर्देशन में गश्त टीम मौके पर पहुंची और शिकार होने से पहले ही तीन आरोपियों को दबोच लिया है। रेंजर डॉ गौरव सक्सेना के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। यहां से अठई लाल केवट 45 वर्ष निवासी रमगढ़ा विलायतकलां, पंचमलाल कोल 35 वर्ष निवासी विलयतकलां, रामकुमार कोल 51 वर्ष निवासी विलायतकला को वन विभाग की टीम ने जंगल में करंट फैलाकर शिकार करने के संदेह में दबोचा है। शिकारियों के कब्जे से शिकार में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री जब्त की है। वन विभाग की टीम ने यह कार्रवाई करते हुए वन्यप्राणी, पालतू मवेशी का शिकार होने व लोगों को हादसों से बचाया है। इस कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक राजेंद्र करण, बीट गार्ड दीपक यादव, सुकेश झरहा, हितेश बैरागी, चंचल पांडेय, लल्लू सिंहए एवं सशत्र बल की भूमिका रही।

# बहका ट्रेक्टर चालक सहित बाणसागर जलभराव में डूबा





**बरही/कटनी, यशभारत।** बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुटेश्वर माइंस मार्ग स्थित तिमुआ गांव के पास बीती रात ट्रेक्टर बहककर चालक सहित बाणसागर के जल भराव में डूब गया। इस दर्दनाक हादसे में चालक की अकाल मौत हो गई, जिसका शव शनिवार की सुबह करीब 10 बजे भारी मशक्कत के बाद कटनी से पहुंचे गोताखोर की टीम ने बाहर निकाला। इस घटना के बाद समूचे तिमुआ गांव में मातम पसर गया, तो वहीं मौत के इस मार्ग को लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश भी है। घटना के सम्बंध में हासिल जानकारी के मुताबिक तिमुआ गांव का रहने वाला 34 वर्षीय किसान रमाकांत उर्फ पप्पू पटेल बीती रात करीब 11 बजे ट्रेक्टर पहुंचाने अपने घर से छैघरा के लिए रवाना हुआ था। रास्ते में खतरे का सबब बना कुटेश्वर माइंस मार्ग स्थित बने दमदहा पुलिया के पास अचानक ट्रेक्टर बहका, जो चालक रमाकांत सहित बाणसागर जलभराव क्षेत्र में समा गया। पीछे बाइक में चल रहे एक ग्रामीण ने हादसे को देखा, जिसने ग्रामीणों को जानकारी दी। ग्राम सरपंच तीरथ पटेल ने बरही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बरही पुलिस अमला मुस्तैद हो गया। मृतक के शव व ट्रेक्टर को बाहर निकालने के प्रयास किए गए। कटनी से गोताखोर की टीम बुलाई गई। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे गोताखोर टीम ने शव की तलाशकर बाहर निकाला। पुलिस ने पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों के सुपुर्द कर मर्ग कायम करते हुए घटना की विवेचना प्रारम्भ कर दी है। कुटेश्वर माइंस मार्ग स्थित जर्जर अवस्था में दमदहा पुलिया है, जो खतरे का पुल बना हुआ है। इसी खतरे के पुल में पहुंचते ही मृतक रमाकांत ट्रेक्टर से संतुलन खो बैठाए जिसकी अकाल मौत हो गई। मीडिया के माध्यम से इस खतरे की पुलिया से संभावित हादसे से पहले ही प्रशासन को आगाह किया जा चुका है। प्रशासन सिर्फ निरीक्षण, प्रतिवेदन की कार्यवाही तक ही सीमित है, जिससे लोगों को अकाल मौत मिल रही है।

**कुटेश्वर माइंस मार्ग तिमुआ की घटना, गोताखोरों की टीम ने मशक्कत के बाद निकाला शव**


**प्लाट बिकाऊ हैं**

शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।

दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - मो. 9993705740




# थ्री टियर इकोनॉमी कोच में कम किराए में अधिक सीट

### कटनी होकर चलने वाली गंगाकावेरी ट्रेन में लगाया स्थायी कोच

**कटनी, यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा कटनी होकर चलने वाली डॉ एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल-छपरा गंगाकावेरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस में वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी का कोच स्थायी रूप से लगाया जा रहा है। इस वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी कोच में अपेक्षाकृत कम किराया एवं यात्री सीटों की संख्या अधिक होती है। इस कोच के लगने से इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी एवं सतना के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। यह स्थाई कोच गाड़ी संख्या 12669 डॉ एमजीआर चैन्नई सेन्ट्रल स्टेशन से से 26 नवंबर से तथा गाड़ी संख्या 12670 छपरा डॉ एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल गंगाकावेरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में छपरा स्टेशन से 28 नवंबर से 2 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी का कोच स्थाई रूप से लगाया जा रहा है। गाड़ी में विभिन्न श्रेणी के अब 22 कोच होंगे। कोच कंपोजीशन में वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी के 2 कोच बढ़ जाने से 1 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 6 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 2 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी, 6 शयनयान श्रेणी, 2 सामान्य श्रेणी, 1 रसोई यान एवं 1 जनरेटर कार, 1 एसएलआरडी सहित 22 कोचों के साथ चलेगी।




**लकवा एवं वात रोग विशेषज्ञ**

**डॉ. देबनाथ**

लकवा, वात रोग, गठिया, हड्डियों जोड़ों का दर्द एवं सूजन कमर दर्द, घुटना, कंधा दर्द, सायटिका अर्थराइटिस का इलाज किया जाता है।

पता- शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी

मो. 9826154533

नोट-28 वर्षों से आपकी सेवा में उपस्थित

**JOHNSON** Not just tiles, Lifestyles.®





सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

**कटनी की प्रथम अत्याधुनिक**

32-96 स्लाइस की मशीन

**एडवांस्ड** सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर

सुविधा उपलब्ध रिपोर्टिंग के साथ

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने

आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं

जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी

9893723087, 8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511





**SHRI HOSPITAL KATNI**

डॉ. दीपक सक्सेना | डॉ. शोभना सक्सेना

विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ

डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ

संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी

9425325316, 9425151543, 9752414316



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)